द्रव्य सहायक

श्रीमान सेठ हस्तीमलजी जेठमलजी जिनाणी बागरेचा
मु गढ़ सिवाना (राजस्थान)

प्राप्ति स्थान—

१ श्री अखिल भारतीय साधुमार्गी जैन सस्कृति रक्षक सघ सैलाना (मध्य-प्रदेश)
शाखा—श्री अ भा साधुमार्गी जैन सस्कृति रक्षक सघ
२ " " २३४ नागदेवी स्ट्रीट, बम्बई न ३
३ " " सराफा बाजार, जोधपुर (राजस्थान)

स्वल्प मूल्य ५–००

प्रथमावृति ८००

वीर सवत् २४९४
विक्रम सवत् २०२५
ईसवी सन् १९६८

मुद्रक—श्री जैन प्रिंटिंग प्रेस सैलाना (म प्र)

समर्पित

पूज्य
पिताजी
श्री हस्तीमलजी साहब !
आप बडे ही धर्मात्मा है, सम्यग्
ज्ञान से युक्त दृढ श्रद्धावान् श्रावक
है। सैद्धातिक ज्ञान प्राप्त करने की आप मे
बहुत रुचि है। आप कई थोकडो के जानकार है।
सैद्धातिक चर्चा मे आप बहुत रस लेते है। साधु-साध्वियो की
चारित्र शुद्धि को आप महत्व देते है। सयम मे ढिलाई आपको
सदैव खटकती है। आप व्रतो का पालन करने मे सावधान रहते
है। सामायिक तो आप करते ही रहते है। जब भी अव-
काश मिला, आप सामायिक करके स्मरण, स्तवन
और थोकडो के चिन्तन मे लग जाते है। वर्षो
से आप ब्रह्मचर्य व्रत का पालन कर
रहे है और आश्रव सेवन से
आप बचते रहते है।

आपकी
धार्मिक वृत्ति का ही
परिणाम है कि मै भी धर्म
के अभिमुख हुआ। आपके दिये हुए
धर्म-सस्कारो से प्रेरित होकर, श्री भगवती
सूत्र का यह चतुर्थ भाग आपके
करकमलो मे अर्पण करता
हूँ

आपश्री का विनम्र पुत्र--
जेठमल आगरेचा सिवाना

निवेदन

श्री भगवती सूत्र का यह चतुथ भाग है। तीसरा भाग प्रकाशित होने के ग्यारह महीने बाद यह चौथा भाग प्रकाशित हो रहा है। तीसरा भाग प्रकाशित होने के बाद स्वाध्याय प्रेमी आगम रसिक महानुभाव चौथे भाग की प्रतीक्षा करने लगे, उनके पत्र आने लग। चातुर्मास प्रारभ होते ही यहा तक आग्रह होने लगा कि–' हमारे लिए कुछ प्रतियो की जिल्द पहले बँधवा कर हमे भेज दे।" इस प्रकार एक भाग प्रकाशित होने के बाद दूसरे की माग तय्यार रहती है। यह आगम रसिक धर्मात्माओ की धम प्रियता का प्रमाण है। इसका यह अथ नही कि यह प्रकाशन उच्च कोटि का तथा निर्दोष है। इसमे प्रूफ सशोधन की त्रुटियाँ है और भाषा आदि की भी त्रुटियाँ भी है, इससे बढकर अच्छा प्रकाशन भी हो सकता है। किन्तु यह भी सभावना है कि द्रव्यापेक्षा–भाषा, विवेचन, आकारप्रकार एव आवपकता मे बढचढकर होते हुए भी भावो मे कुरूपता-विपरीतता आने की, वत्तमान समय मे अत्यधिक सभावना रहती है। अतएव वैस बाह्यरूप से सुदर दिखाई देने वाले और अन्तर मे भाव विपयय एव भ्रमोत्पादक प्रकाशनो की अपेक्षा यह प्रकाशन उत्तम है–यह कहना अत्युक्ति नही होगा।

इस भाग मे ९ से १२ तक चार शतक का समावेश हुआ है। इसके बाद पाचवा भाग छपेगा, किन्तु उसमें विलम्ब होगा। हमारा विचार अब 'मोक्ष माग' ग्रथ की दूसरी आवृति शीघ्र प्रकाशित करने का है। अतएव उसका प्रकाशन प्रारम्भ किया जायगा, उसके बाद भगवती सूत्र का पाचवाँ भाग छपेगा। अतएव पाठको को धैय्य धारण करना पड़ेगा।

इस भाग के प्रकाशन का समस्त व्यय गढ सिवाना निवासी उदारमना श्रीमान सेठ हस्तीमलजी जेठमलजी जिनाणी बागरेचा ने दिया है। अतएव आपको अनेकानेक धन्यवाद है। आशा है कि अन्य महानुभाव भी आपश्री का अनुकरणकर अपनी उदार भावना का परिचय देकर जिनवाणी के प्रचार मे योगदान करेंगे।

विनीत–

माणकलाल पोरवाड–अध्यक्ष
रतनलाल डोशी–प्रधान मन्त्री
बाबूलाल सराफ–मन्त्री
जशवन्तलाल शाह–मन्त्री

भाद्रपद शुक्ला ११
वीर स २४९४
वि स २०२५
३-९-६८

शुद्धि–पत्र

पृष्ट	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
१५७४	४	पुक्खरद्धे	पुक्खरोदे
१५७५	७	पुप्करार्द्ध	पुष्करोद
"	११	स्वम्भूरमण	स्वयम्भूरमण
१५७६	९	निण्णी	त्रिण्णि
१५७७	१४	तरह	तरफ
"	१५	तीसरी	तीसरी
१५८५	१७	ज़ावणो	जाव णो
१५८८	१५	केवलणाण	केवलणाण णो
१६३७	१	वालुयप्पभाए	दो वालुयप्पभाए
"	१४	घमप	धूमप्प
१६३९	९	पचण्ण	पचण्ह
१६४०	९	सक्करप्पभाए	एगे वालुयप्पभाए
१६४१	१९	एक अथवा	अथवा एक
१६५४	१२	सत्तमसयोगी	सत्त सयोगी
१६७८	१७	इकइया	इकाइया
१६८०	६	वेमणिएमु	वेमाणिएमु
१६८५	४	अमुरकुमार	असुरकुमार
१६९२	७	हृष्ट	हृष्ट
१७०७	१६	णिग्गच्छइ	णिग्गच्छति
"	१८	"	"
१७१५	१९	दुव्वल	दुव्वल
"	२०	भूपण	भूसण
१७१६	१३	णिखयक्ख	णिरयवक्खे
१७१८	१०	होते	०
"	२४	जया	जाया
१७१९	५	पुच्छा	पच्छा
"	"	अवस्स	अवस्स
१७२०	८	वीरीय	वीरिय
१७२६	१९	अवस्स	अवस्स
१७२८	१०	अहियावित्तए	अहियासित्तए

पृष्ट	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
१७३५	२	सहाय	गहाय
१७३९	१४	सण्णिसण्णा	सण्णिमण्णे
१७४१	९	मीह	सीय
१७४३	२१	वररुण	वरतरुण
१७५२	१४	अणागारसएहि	अणगारसएहिं
१७८२	३	आयट्ठी	आयड्ढी
१७८३	३	रायागहे	रायगिहे
१७८६	६	जे अरुवि	जे रूवी
१७९१	१४	रियइ	रीयइ
१७९७	१७	अणालोइया	अणालोइय
१८०४	२	अलावगा	आलावगा
१८१३	१७	त्रायस्त्रिशक	त्रायस्त्रिंशक
१८१६	९	त्रायस्त्रिक	"
१८१८	१६	सामान	समान
१८२३	१८	जमस्स	जमस्स
१८४०	७	ठीई	ठिई
१८४२	९	एकरूप	एकरूक
१८४७	१	बघए	वधए
१८४९	५	एक एक	एक
१८६९	१३	चेव चेव	चेव
१८७८	१६	बहिरिय	बाहिरिय
१८७९	४	पम्हल०	०
१८८६	१२	समुप्पज्जित्थ	समुप्पज्जित्था
"	"	अत्थिा	अत्थि
१८८९	२०	अनुभू	अनु
१८९१	११	स्पृस्ट	स्पृष्ट
"	१८	स्वम्भू	स्वयम्भू
१९०५	१३	अणताभागूणे	अणतभागूणे
१९०७	११	अगएवी	अगए
१९१९	२०	जहण्णाए	जहण्णए
१९२४	९	गधुद्धया	गधुद्धुया
१९५२	१६	अट्ट	अट्ठ
१९५५	१४	घम्मघोसस्स	धम्मघोसस्स

पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
९	एयमट्ठे	एसमट्ठे
१८	मीया	सिया
२०	तसस्त	समस्त
१४	नि श्रिप्ट	निसृष्ट
२	पूद्गल	पुद्गल
१६	है युक्त	मुक्त है।
१	स्वयभूरण	स्वयम्भूरमण
७	वणमत्र	वाणमतर
१३	आणागारो	अणागारो
१६	आठ और	और आठ
१४	आयाण	अयाण
१४	सयसस्स	सयसहस्स
६	ठिईयसो णरयसी	ठिइयसि णरयसि
११	दवेहिनो	देवेहितो
१७	जधन्र	जघन्य
९	आयोगी	अयोगी
६	खघे	खधे
१८	स्कन्घ	स्कन्ध

) पृष्ठ २०१४ पंक्ति १८ का पाठ प भगवानदासजी दोषी सम्पादित भाग ३ पृ
मार है और ऐसा ही पाठ सूरतवाली प्रति पृ १०३४ मे भी है, किंतु अन्य प्रतियो
गयओ दुपएसिए खध एगयओ तिपएसिए खधे, एगयओ पचपएसिए खधे भवइ।"–
पाठ होना आवश्यक भी है। इसका अर्थ पृ २०१५ प ७ मे–'होता है' के आगे–
आर एक द्विप्रदेशी स्कन्ध, एक ओर एक त्रिप्रदेशी स्कन्ध और एक ओर
कन्ध होता है"–होना चाहिए।

पृ २०१५ पंक्ति ९ मे–' अहवा एगयओ परमाणुपोग्गले, एगयओ तिण्णि
खधा भवति"–पाठ प० भगवानदास दोषी सम्पादित भाग ३ पृ २६६ मे है, और
है, किंतु अन्य प्रतियो मे देखने मे नही आया।

पृ २०९० पंक्ति २ मे "णा उववाओ" पाठ प भगवानदास दोषी सम्पादित
९० मे है और उसीसे लिया है, किन्तु अन्य प्रतियो मे नही है।

स्पष्टीकरण

ो भगवती सूत्र भाग ३ पृ १४६२ के विवेचन मे 'अनिवृत्ति बादर' नामक ९ वें
मे दर्शनत्रिक का प्रदेशत उदय बताया गया है, यह एक आचार्य का मत है। किन्तु
उपशम-श्रेणी मे दर्शनत्रिक का प्रदेश उदय भी नही होता। प्रदेशत उदय क्षयोप-
त्व मे होता है। क्षयोपशम समकित सातवे गुणस्थान तक होती है। —डोशी

विषयानुक्रमणिका—

शतक ९

शतक १०

क्रमांक	विषय	पृष्ट

उद्देशक ३

उद्देशक ४

क्रमाक	विषय

उद्देशक ५

उद्देशक ६

उद्देशक ७ से ३४

शतक ११

उद्देशक १

उद्देशक २

उद्देशक ३

उद्देशक ४

उद्देशक ५

उद्देशक ६

उद्देशक ७

उद्देशक ८

उद्देशक ९

उद्देशक १०

उद्देशक ११

उद्देशक १२

शतक १२

णमोत्थुण समणस्स भगवओ महावीरस्स

गणधर भगवत्सुधर्मस्वामि प्रणीत

भगवती सूत्र

शतक ९

१ जबुद्दीवे २ जोइस ३–३० अतरदीवा ३१ असोच्च ३२ गगेय ।
३३ कुडग्गामे ३४ पुरिसे णवमम्मि सतमि चोत्तीसा ॥

भावार्थ–नौवें शतक में चौतीस उद्देशक है । यथा–जम्बूद्वीप के विषय में प्रथम उद्देशक है । ज्योतिषी देवो के सम्बन्ध में दूसरा उद्देशक है । तीसरे से तीसवें उद्देशक तक अट्ठाईस उद्देशको में अन्तर्द्वीपो का वर्णन है । इकत्तीसवें उद्देशक में 'असोच्चा केवली' का वर्णन है । बत्तीसवें उद्देशक में गांगेय अनगार के प्रश्न है । तेतीसवाँ उद्देशक ब्राह्मणकुण्ड ग्राम विषयक है । चौतीसवें उद्देशक में पुरुषघातक पुरुष आदि का वर्णन है ।

विवेचन–उपरोक्त सग्रह गाथा में नौवे शतक में प्ररूपित ३४ उद्देशक का नाम निर्देश किया गया है । तीसरे उद्दशक से तीसवे तक अट्ठाईस उद्देशक, अट्ठाईस अन्तर्द्वीपो के मनुष्यो के विषय में है। इसलिए तीसरे से लगाकर तीसवे तक के उद्देशक का वणन एक साथ ही हुआ है ।

शतक ९ उद्देशक १

जम्बूद्वीप

२ प्रश्न–तेणं कालेण तेणं समएणं मिहिला णाम णयरी होत्था । वण्णओ । माणिभद्दे चेइए । वण्णओ । सामी समोसढे, परिसा णिग्गया जाव भगव गोयमे पज्जुवासमाणे एव वयासी–कहि ण भते ! जबुद्दीवे, दीवे किसठिए ण भते ! जबुद्दीवे दीवे ?

२ उत्तर–एव जबुद्दीवपण्णत्ती भाणियव्वा जाव एवामेव सपुव्वावरेण जबुद्दीवे दीवे चोद्दस सलिला सयसहस्सा छप्पण्ण च सहस्सा भवतीति मक्खाया ।

॰ सेव भते ! सेव भते ! त्ति ॰

॥ इति णवमसए पढमो उद्देसो समत्तो ॥

कठिन शब्दार्थ–किसठिए–किस आकार मे, सपुव्वावरेणं–पूर्व और पश्चिम, सलिला–नदी ।

भावार्थ–२ प्रश्न–उस काल उस समय में मिथिला नाम की नगरी थी । वर्णन । वहाँ मणिभद्र नामका चैत्य (उद्यान) था । वर्णन । वहाँ श्रमण भगवान् महावीर स्वामी पधारे । परिषद वन्दन के लिये निकली और धर्मोपदेश सुनकर वापिस लौट गई, यावत् पर्युपासना करते हुए गौतम स्वामी ने इस प्रकार पूछा–

हे भगवन् ! जम्बूद्वीप कहा है ? हे भगवन् ! जम्बूद्वीप का आकार कैसा है ?

उत्तर–हे गौतम ! इस विषय में जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति में कहे अनुसार सारा वर्णन जानना चाहिये, यावत् इस जम्बूद्वीप में पूर्व और पश्चिम चौदह लाख छप्पन हजार नदियां है–वहाँ तक कहना चाहिये ।

हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है। हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है। ऐसा कहकर गौतम स्वामी यावत् विचरते हैं।

विवेचन-जम्बूद्वीप के वर्णन के विषय में जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति सूत्र का अतिदेश किया गया है। जम्बूद्वीप सब द्वीपों के मध्य में है। यह सब से छोटा द्वीप है और इसका आकार 'तैल अपूर' (तैल का मालपूआ) रथचक्र, और पुष्करकर्णिका तथा पूर्णचन्द्र के समान गोल है। यह एक लाख योजन लम्बा और चौडा है, यावत इसमे चौदह लाख छप्पन हजार नदियाँ पूर्व समुद्र और पश्चिम समुद्र मे जाकर गिरती हैं। इत्यादि सारा वर्णन जम्बूद्वीप-प्रज्ञप्ति सूत्र के अनुसार जानना चाहिये।

॥ इति नौवें शतक का प्रथम उद्देशक सम्पूर्ण ॥

शतक ९ उद्देशक २

जम्बूद्वीपादि मे चन्द्रमा

१ प्रश्न-रायगिहे जाव एव वयासी-जबुद्दीवे ण भते ! दीवे केवइया चदा पभासिंसु वा, पभासेंति वा, पभासिस्सति वा ?

१ उत्तर-एव जहा जीवाभिगमे, जाव-"एग च सयसहस्सं तेत्तीस खलु भवे सहस्साइ। णव य सया पण्णासा तारागणकोडा-कोडीणं"। सोभ सोभिंसु, सोभिंति, सोभिस्सति।

२ प्रश्न-लवणे ण भते ! समुद्दे केवइया चदा पभासिंसु वा, पभासिंति वा, पभासिस्सति वा ?

२ उत्तर-एव जहा जीवाभिगमे जाव ताराओ । धायइसडे, कालोदे, पुक्खरवरे, अब्भितरपुक्खरद्धे, मणुस्सखेत्ते-एएसु सव्वेसु जहा जीवाभिगमे, जाव-"एगससीपरिवारो तारागणकोडिकोडीणं"।

३ प्रश्न-पुक्खरद्धे णं भते ! समुद्दे केवइया चदा पभासिंसु वा ० ?

३ उत्तर-एव सव्वेसु दीव-समुद्देसु जोडसियाण भाणियव्व, जाव सयभूरमणे, जाव सोभ सोभिंसु वा, सोभति वा, सोभिस्सति वा ।

॥ सेव भते ! सेव भते ! त्ति ॥

॥ णवमसए बीओ उद्देसो समत्तो ॥

कठिन शब्दार्थ-केवइया-कितने, पभासिंसु-प्रकाश किया, सोभ-शोभित किया, ससी-चन्द्रमा, पुक्खरोदे-पुष्करोद (पुष्कर समुद्र) ।

भावार्थ-१ प्रश्न-राजगृह नगर में यावत् गौतम स्वामी ने इस प्रकार पूछा-

हे भगवन् ! जम्बूद्वीप नाम के द्वीप में कितने चन्द्रमाओ ने प्रकाश किया, प्रकाश करते है और प्रकाश करेगे ?

१ उत्तर-हे गौतम ! जिस प्रकार जीवाभिगम सूत्र की तीसरी प्रतिपत्ति के दूसरे उद्देशक में कहा है, उसी प्रकार जानना चाहिये । यावत् 'एक लाख तेतीस हजार नौ सौ पचास कोडाकोडी ताराओ के समूह शोभित हुए, शोभित होते है और शोभित होगे-यहां तक जानना चाहिये ।

२ प्रश्न-हे भगवन् ! लवण समुद्र में कितने चन्द्रमाओ ने प्रकाश किया,

प्रकाश करते है और प्रकाश करेंगे ?

२ उत्तर-हे गौतम ! जिस प्रकार जीवाभिगम सूत्र की तीसरी प्रतिपत्ति के दूसरे उद्देशक में कहा है, उसी प्रकार ताराओ के वर्णन तक जानना चाहिये। धातकीखण्ड, कालोदधि, पुष्करवर द्वीप, आभ्यन्तर पुष्करार्द्ध और मनुष्य क्षेत्र, इन सब में जीवाभिगम सूत्र के अनुसार जानना चाहिये। यावत् 'एक चन्द्र का परिवार यावत् कोडाकोडी तारागण है'-वहाँ तक जानना चाहिये।

३ प्रश्न-हे भगवन् ! पुष्करार्द्ध समुद्र में कितने चन्द्रमाओ ने प्रकाश किया, प्रकाश करते है और प्रकाश करेगे ?

३ उत्तर-हे गौतम ! जीवाभिगम सूत्र की तीसरी प्रतिपत्ति के दूसरे उद्देशक में सब द्वीप और समुद्रो में ज्योतिषी देवो का जो वर्णन कहा है, उसी प्रकार यावत 'स्वम्भूरमण समुद्र में यावत शोभित हुए है, शोभते है और शोभेंगे।' वहाँ तक जानना चाहिये।

हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है। हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है। ऐसा कहकर गौतम स्वामी यावत् विचरते है।

विवेचन-जम्बूद्वीप, लवण समुद्र, घातकीखण्ड द्वीप, कालोद समुद्र और पुष्करवर द्वीप आदि सभी द्वीप समुद्रो मे चन्द्र, सूय, ग्रह, नक्षत्र और तारा के विषय में प्रश्न किये गये हैं। उत्तर मे जीवाभिगम सूत्र की तीसरी प्रतिपत्ति के दूसरे उद्दशक का अतिदेश किया गया है। ढाई द्वीप (जम्बूद्वीप, धातकीखण्ड द्वीप और आभ्यन्तर पुष्करार्द्ध द्वीप) और दो समुद्र (लवण समुद्र और कालोद समद्र) परिमाण मनुष्य क्षेत्र मे चन्द्र सूय आदि जो ज्योतिषी देव हैं, वे सब चर हैं। मनुष्य क्षेत्र के बाहर के सब द्वीप समुद्रो मे चन्द्र, सूय आदि ज्योतिषी देव हैं वे सब अचर (स्थिर) हैं। इनकी सख्या आदि का सभी वणन जीवाभिगम सूत्र से जान लेना चाहिये।

॥ इति नौवें शतक का दूसरा उद्देशक सम्पूर्ण ॥

शतक ९ उद्देशक ३ से ३०

अन्तर्द्वीपक मनुष्य

१ प्रश्न–रायगिहे जाव एव वयासी–कहि ण भते ! दाहि-णिल्लाणं एगोरुयमणुस्साण एगोरुयदीवे णाम दीवे पण्णत्ते ?

१ उत्तर–गोयमा ! जबुद्दीवे दीवे मदरस्स पव्वयस्स दाहिणेण चुल्लहिमवतस्स वासहरपव्वयस्स पुरत्थिमिल्लाओ चरिमताओ लवणसमुद्द उत्तरपुरत्थिमेणं तिण्णि जोयणमयाइ ओगाहित्ता एत्थ णं दाहिणिल्लाणं एगोरुयमणुस्साण एगोरुयदीवे णाम दीवे पण्णत्ते । गोयमा ! तिण्णी जोयणसयाइ आयाम-विक्खभेणं णव-एगूणवण्णे जोयणसए किंचिविसेसूणे परिक्खेवेण पण्णत्ते । से णं एगाए पउमवरवेइयाए एगेण य वणसडेणं सव्वओ समता सपरि-क्खित्ते, दोण्ह वि पमाण वण्णओ य एव एएणं कमेण एव जहा जीवाभिगमे जाव 'सुद्धदतदीवे,' जाव 'देवलोगपरिग्गहा ण ते मणुया पण्णत्ता' समणाउसो ! एव अट्ठावीसपि अतरदीवा सएणं मएण आयाम-विक्खभेण भाणियव्वा, णवर दीवे दीवे उद्देसओ, एव सव्वे वि अट्ठावीस उद्देसगा ।

ॐ सेव भते ! सेव भते ! त्ति ॐ

॥ इति णवमसयस्स तीसइमो उद्देसो ममत्तो ॥

कठिन शब्दार्थ—दाहिणिल्लाण—दक्षिण दिशा के, चरिमताओ—अतिम किनारे से, उत्तरपुरत्थिमेण—उत्तर पूव (ईशान कोन मे), ओगाहित्ता—जाने पर एगूणवण्णे—ऊनपचास, किंचिविसेसूणे—किंचित कम, परिक्खेवेण—परिक्षेप (परिधि) सव्वओ समता—चारो ओर, सपरिक्खित्ते—लिपटा हुआ (घिरा हुआ), सएण—अपने ।

भावार्थ—१ प्रश्न—राजगृह नगर में यावत् गौतमस्वामी ने इस प्रकार पूछा—हे भगवन् ! दक्षिण दिशा का 'एकोरुक' मनुष्यो का 'एकोरुक' नामक द्वीप कहाँ है ?

१ उत्तर—हे गौतम ! जम्बूद्वीप नाम के द्वीप के मेरु पर्वत से दक्षिण दिशा में चुल्लहिमवन्त नामक वर्षधर पर्वत के पूर्व के चरमान्त (किनारे) से ईशान कोण में तीन सौ योजन लवण समुद्र में जाने पर वहा दक्षिण दिशा के 'एकोरुक' मनुष्यो का 'एकोरुक' नामक द्वीप है । हे गौतम ! उस द्वीप की लम्बाई चौडाई तीन सौ योजन है और उसका परिक्षेप (परिधि) नव सौ ऊन-चास योजन से कुछ कम है । वह द्वीप एक पद्मवर वेदिका और एकवन खण्ड द्वारा चारों तरह से वेष्टित है । इन दोनो का प्रमाण और वर्णन जीवाभिगम सूत्र की तीसरी प्रतिपत्ति के पहले उद्देशक के अनुसार जानना चाहिये । इसी क्रम से यावत् शुद्धदन्त द्वीप तक का वर्णन वहा से जान लेना चाहिये । 'इन द्वीपो के मनुष्य मरकर देव गति में उत्पन्न होते हैं'—यहा तक का वर्णन जानना चाहिये । इस प्रकार इन अट्ठाईस अन्तरदीपो की अपनी अपनी लम्बाई चौडाई भी जान लेनी चाहिये । परन्तु यहा एक एक द्वीप के विषय में एक एक उद्देशक कहना चाहिये । इस प्रकार इन अट्ठाईस अन्तरद्वीपो के अट्ठाईस उद्देशक होते है ।

हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है । हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है । ऐसा कहकर गौतमस्वामी यावत विचरते है ।

विवेचन—लवण समुद्र के भीतर होने से इनको 'अन्तरद्वीप' कहते हैं । उनमें रहने वाले मनुष्यो को 'अन्तरद्वीपक' कहते हैं । जम्बूद्वीप मे भरत क्षेत्र और हैमवत क्षेत्र की मर्यादा करने वाला 'चुल्लहिमवान्' पर्वत है । वह पर्वत पूर्व और पश्चिम मे लवणसमुद्र को स्पर्श करता है । उस पर्वत के पूर्व और पश्चिम के चरमान्त से चारो विदिशाओ (ईशान,

आग्नेय, नैऋत्य और वायव्य) मे लवण समुद्र मे प्रत्येक विदिशा मे तीन तीन सौ योजन जाने पर प्रत्येक विदिशा मे एकोरुक आदि एक एक द्वीप आता है। वे द्वीप गोल हैं। उनकी लम्बाई चौडाई तीन तीन सौ योजन की है। परिधि प्रत्येक की ६४६ याजन से कुछ कम है। इन द्वीपो से चार चार सौ योजन लवण समुद्र मे जाने पर क्रमश पाँचवा, छठा, सातवा आठवा, द्वीप आते हैं। इनकी लम्बाई चौडाई चार चार सौ याजन की है। य भी गोल हैं। इनकी प्रत्येक की परिधि १२६५ योजन से कुछ कम है। इसी प्रकार इनसे आगे क्रमश पाच सौ, छह सौ, सात सौ, आठ सौ, नवसौ, योजन जाने पर क्रमश चार चार द्वीप आते जाते हैं। उनकी लम्बाई चौडाई पाचसौ से लेकर नवसौ योजन तक क्रमश जाननी चाहिये। सभी गाल हैं। तिगुनी से कुछ अधिक परिधि है। इसी प्रकार चुल्लहिमवान पवत की चारो विदिशाओ में अट्ठाईस अ तरद्वीप हैं।

जिस प्रकार चुल्लहिमवान पवत के चारो विदिशाओ मे अट्ठाईस अन्तरद्वीप कहे गये हैं। उसी प्रकार शिखरी पवत की चारो विदिशाओ मे भी अट्ठाईस अ तरद्वीप है। जिनका वणन दसवे शतक के ७ वे उद्दशक से लेकर ३४ वे उद्देशक तक २८ उद्देशको मे किया गया है। उनके नाम आदि सभी समान हैं।

जीवाभिगम और प्रज्ञापना आदि सूत्रो की टीका में चुल्लहिमवान् और शिखरी पवत की चारो विदिशाओ मे चार चार दाढाए बतलाई गई है और उन दाढाओ पर अन्तर द्वीपो का हाना बतलाया गया है। किंतु यह बात सूत्र के मूलपाठ से मिलती नही है, क्योकि इन दोनो पवतो की लम्बाई आदि जो बतलाई गई है, वह पवत की सीमा तक ही आई है। उसमे दाढाओ की लम्बाई आदि नही बतलाई गई। यदि इन पवतो की दाढाए होती, तो उन पवतो की हद लवण समुद्र मे भी बतलाई जाती। लवण समुद्र मे भी दाढाओ का वणन नही है। इसी प्रकार यहा भगवती सूत्र के मूलपाठ मे तथा टीका मे भी दाढाओ का वणन नही है। य द्वीप विदिशाओ मे टेढे टेढे आय हुए हैं, इसलिये दाढाओ की कल्पना करली गई मालूम हाती है। सूत्र का वर्णन देखने से दाढाएँ किसी भी प्रकार से सिद्ध नही हाती।

॥ इति नौवें शतक का तीन से तीस तक के उद्देशक सम्पूर्ण ॥

शतक ९ उद्देशक ३१

असोच्चा केवली

१ प्रश्न–रायगिहे जाव एव वयासी–असोच्चा णं भते! केवलिस्स वा, केवलिसावगस्स वा, केवलिसावियाए वा, केवलिउवासगस्स वा, केवलिउवासियाए वा, तप्पक्खियस्स वा, तपक्खियसावगस्स वा, तप्पक्खियसावियाए वा, तप्पक्खियउवासगस्स वा, तप्पक्खियउवासियाए वा केवलिपण्णत्त धम्म लभेज्जा सवणयाए ?

१ उत्तर–गोयमा! असोच्चा णं केवलिस्स वा जाव तप्पक्खियउवासियाए वा अत्थेगइए केवलिपण्णत्त धम्म लभेज्जा सवणयाए, अत्थेगइए केवलिपण्णत्त धम्म णो लभेज्जा सवणयाए।

प्रश्न–से केणट्ठेणं भते! एव वुच्चइ–'असोच्चा णं जाव णो लभेज्जा सवणयाए'?

उत्तर–गोयमा! जस्स ण णाणावरणिज्जाण कम्माणं खओवसमे कडे भवइ से णं असोच्चा केवलिस्स वा, जाव तप्पक्खियउवासियाए वा केवलिपण्णत्त धम्म लभेज्ज सवणयाए, जस्स णं णाणावरणिज्जाण कम्माण खओवसमे णो कडे भवइ से णं असोच्चा णं केवलिस्स वा जाव तप्पक्खियउवासियाए वा केवलिपण्णत्त धम्म णो लभेज्ज सवणयाए। से तेणट्ठेण गोयमा! एव वुच्चइ–त चेव

जाव 'णो लभेज्ज सवणयाए' ।

कठिन शब्दार्थ–असोच्चा–अश्रुत्वा (किसी के पास सुने बिना ही), तप्पक्खियाए–उसके पक्षवाले से, लभेज्जा–प्राप्त होता है, सवणयाए–सुनने के लिए, अत्थेगइए–किसी जीव का, खओवसमे–क्षयोपशम, कडे–किया हो ।

भावार्थ–१ प्रश्न–राजगृह नगर में यावत् गौतम स्वामी ने इस प्रकार पूछा–"हे भगवन् ! केवली, केवली के श्रावक, केवली की श्राविका, केवली के उपासक, केवली की उपासिका, केवलीपाक्षिक (स्वय बुद्ध), केवलीपाक्षिक के श्रावक, केवलिपाक्षिक की श्राविका, केवलिपाक्षिक के उपासक, केवलिपाक्षिक की उपासिका, इनमें से किसी के पास बिना सुने ही किसी जीव को केवलि प्ररूपित धर्म श्रवण का लाभ होता है ?

१ उत्तर–हे गौतम ! केवली यावत् केवलीपाक्षिक की उपासिका (इन दस) के पास सुने बिना ही किसी जीव को केवलिप्ररूपित धर्मश्रवण का लाभ होता है (धम का बोध होता है) और किसी जीव को नहीं होता ।

प्रश्न–हे भगवन् ! ऐसा किस कारण कहा गया कि–किसी के पास सुने विना भी किसी जीव को केवलिप्ररूपित धम का बोध होता है और किसी को नहीं होता ?

उत्तर–हे गौतम ! जिस जीव के ज्ञानावरणीय कर्म का क्षयोपशम किया हुआ है,उसको केवली यावत् केवलिपाक्षिक उपासिका–इनमें से किसी के पास सुने बिना ही केवलिप्ररूपित धर्म श्रवण का लाभ होता है और जिस जीव ने ज्ञानावरणीय कम का क्षयोपशम नहीं किया, उसको केवली यावत केवलिपाक्षिक की उपासिका के पास सुने बिना केवलिप्ररूपित धर्म श्रवण का लाभ नहीं होता। हे गौतम ! इस कारण ऐसा कहा कि 'यावत किसी को धर्म श्रवण का लाभ होता है और किसी को नहीं होता।'

२ प्रश्न–असोच्चा ण भते ! केवलिस्स वा जाव तप्पक्खिय-

उवासियाए वा केवल वोहिं वुज्झेज्जा ?

२ उत्तर-गोयमा ! असोच्चा णं केवलिस्स वा जाव अत्थेगइए केवल वोहिं वुज्झेज्जा, अत्थेगइए केवल वोहिं णो वुज्झेज्जा ।

प्रश्न-से केणट्ठेणं भंते ! जाव णो वुज्झेज्जा ?

उत्तर-गोयमा ! जस्स ण दरिसणावरणिज्जाणं कम्माणं खओवसमे कडे भवइ से ण असोच्चा केवलिस्स वा जाव केवल वोहि वुज्झेज्जा, जस्स णं दरिसणावरणिज्जाणं कम्माणं खओवसमे णो कडे भवइ से णं असोच्चा केवलिस्स वा जाव केवल वोहिं णो वुज्झेज्जा; से तेणट्ठेणं जाव णो वुज्झेज्जा ।

कठिन शब्दार्थ-वोहिं वुज्झेज्जा-बोधि (समझ-सम्यग्दर्शन) प्राप्त करे-अनुभव करे ।

भावार्थ-२ प्रश्न-हे भगवन् ! केवली यावत् केवलिपाक्षिक की उपासिका से सुने बिना ही कोई जीव शुद्धबोधि (सम्यग्दर्शन) प्राप्त करता है ?

२ उत्तर-हे गौतम ! केवली आदि के पास सुने बिना कुछ जीव शुद्ध-बोधि प्राप्त करते हैं और कितनेक जीव शुद्धबोधि प्राप्त नहीं करते ।

प्रश्न-हे भगवन् ! ऐसा किस कारण कहा गया कि 'यावत् शुद्धबोधि को प्राप्त नहीं करते ?

उत्तर-हे गौतम ! जिस जीव ने दर्शनावरणीय (दर्शनमोहनीय) कर्म का क्षयोपशम किया है, उस जीव को केवली आदि के पास सुने बिना ही शुद्ध-बोधि का लाभ होता है और जिस जीव के दर्शनावरणीय का क्षयोपशम नहीं किया, उस जीव को केवली आदि के पास सुने बिना शुद्धबोधि का लाभ नहीं

होता। इसलिये हे गौतम ! यावत् सुने बिना शुद्ध बोधि प्राप्त नहीं करते ।

३ प्रश्न-असोच्चा ण भंते ! केवलिस्स वा, जाव तप्पक्खिय-उवासियाए वा केवल मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्व-एज्जा ?

३ उत्तर-गोयमा ! असोच्चा णं केवलिस्स वा जाव उवा-सियाए वा अत्थेगइए केवलं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वएज्जा; अत्थेगइए केवल मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं णो पव्वएज्जा ।

प्रश्न-से केणट्ठेणं जाव णो पव्वएज्जा ?

उत्तर-गोयमा ! जस्स णं धम्मंतराइयाणं कम्माण खओवसमे कडे भवइ से णं असोच्चा केवलिस्स वा जाव केवलं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वएज्जा, जस्स णं धम्मंतराइयाणं कम्माणं खओवसमे णो कडे भवइ से णं असोच्चा केवलिस्स वा जाव मुंडे भवित्ता जाव णो पव्वएज्जा, से तेणट्ठेणं गोयमा ! जाव णो पव्वएज्जा ।

कठिन शब्दार्थ-मुंडे भवित्ता-मुंडित (दीक्षित) होकर, अगाराओ अणगारियं-गृहस्थवास से अनगार (साधु) पन को, पव्वएज्जा-प्रव्रज्या स्वीकार करे, धम्मंतराइयाण-धर्म में बाधक होने वाले ।

भावार्थ-३ प्रश्न-हे भगवन् ! केवली आदि के पास सुने बिना क्या

कोई जीव अगारवास छोडकर और मुण्डित होकर अनगारिकपन (प्रव्रज्या) स्वीकार करता है ?

३ उत्तर-हे गौतम ! कोई जीव स्वीकार करता है और कोई स्वीकार नहीं करता ?

प्रश्न-हे भगवन् ! इसका क्या कारण है ?

उत्तर-हे गौतम ! जिस जीव के धर्मान्तरायिक कर्म का अर्थात् चारित्र धर्म में अन्तरायभूत चारित्रावरणीय कर्म का क्षयोपशम किया हुआ है, वह जीव केवली आदि के पास सुने विना ही मुंडित होकर अनगारपने को स्वीकार करता है, परन्तु जिस जीव के धर्मान्तरायिक कर्मों का क्षयोपशम नहीं हुआ, वह प्रव्रज्या स्वीकार नहीं करता, इसलिए पूर्वोक्त कथन है ।

४ प्रश्न-असोच्चा ण भंते ! केवलिस्स वा जाव उवासियाए वा केवल बंभचेरवास आवसेज्जा ?

४ उत्तर-गोयमा ! असोच्चा णं केवलिस्स वा जाव उवासियाए वा अत्थेगइए केवल बंभचेरवास आवसेज्जा, अत्थेगइए केवल बंभचेरवास णो आवसेज्जा ।

प्रश्न-से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ-'जाव णो आवसेज्जा' ?

उत्तर-गोयमा ! जस्स णं चरित्तावरणिज्जाणं कम्माणं खओवसमे कडे भवइ से ण असोच्चा केवलिस्स वा जाव केवल बंभचेरवास आवसेज्जा, जस्स ण चरित्तावरणिज्जाण कम्माण खओवसमे णो कडे भवइ से णं असोच्चा केवलिस्स वा जाव णो आवसेज्जा,

से तेणट्ठेणं जाव णो आवसेज्जा ।

कठिन शब्दार्थ–अज्झवसाणावरणिज्जाण–अध्यवसानावरणीय (भाव चारित्र के आवरक)।

भावार्थ–४ प्रश्न–हे भगवन् ! केवली आदि के पास सुने बिना क्या कोई जीव शुद्ध ब्रह्मचर्यवास को धारण करता है ?

४ उत्तर–हे गौतम ! कोई जीव शुद्ध ब्रह्मचर्यवास को धारण करता है और कोई नहीं करता ।

प्रश्न–हे भगवन् ! इसका क्या कारण है ?

उत्तर–हे गौतम ! जिस जीव ने चारित्रावरणीय कर्म का क्षयोपशम किया है, वह केवली आदि के पास सुने बिना ही शुद्ध ब्रह्मचर्यवास को धारण करता है, परतु जिसने चारित्रावरणीय कर्म का क्षयोपशम नहीं किया, वह जीव यावत् 'ब्रह्मचर्यवास को धारण नहीं करता,' इसलिये पूर्वोक्त प्रकार से कहा गया है ।

५ प्रश्न–असोच्चा ण भंते ! केवलिस्स वा जाव केवलेण संजमेण संजमेज्जा ?

५ उत्तर–गोयमा ! असोच्चा ण केवलिस्स वा जाव उवासियाए वा अत्थेगइए केवलेणं संजमेणं संजमेज्जा, अत्थेगइए केवलेणं संजमेण णो संजमेज्जा ।

प्रश्न–से केणट्ठेण जाव णो संजमेज्जा ?

उत्तर–गोयमा ! जस्स ण जयणावरणिज्जाण कम्माण खओवसमे कडे भवइ से ण असोच्चा ण केवलिस्स वा जाव केवलेण संजमेणं

सजमेज्जा, जस्स ण जयणावरणिज्जाणं कम्माणं खओवसमे णो कडे भवइ से णं असोच्चा केवलिस्स वा जाव णो सजमेज्जा, से तेणट्ठेण गोयमा ! जाव अत्थेगइए णो सजमेज्जा ।

कठिन शब्दार्थ–जयणावरणिज्जाण–यतनावरणीय ।

भावार्थ–५ प्रश्न–हे भगवन् ! केवली आदि के पास सुने विना भी क्या कोई जीव, शुद्ध सयम द्वारा सयम-यतना करता है ?

५ उत्तर–हे गौतम ! कोई जीव करता है और कोई नहीं करता ।

प्रश्न–हे भगवन् ! इसका क्या कारण है ?

उत्तर–हे गौतम ! जिस जीव ने यतनावरणीय (वीर्यान्तराय) कर्म का क्षयोपशम किया है, वह केवली आदि किसी के पास सुने विना भी शुद्ध सयम द्वारा सयम-यतना करता है और जिसने यतनावरणीय कर्म का क्षयोपशम नहीं किया, वह यावत् 'शुद्ध सयम द्वारा सयम-यतना नहीं करता ।' इसलिये हे गौतम ! पूर्वोक्त प्रकार से कहा है ।

६ प्रश्न–असोच्चा ण भते ! केवलिस्स वा जाव उवासियाए वा केवलेणं सवरेणं सवरेज्जा ?

६ उत्तर–गोयमा ! असोच्चा ण केवलिस्स वा जाव अत्थेगइए केवलेणं सवरेण सवरेज्जा, अत्थेगइए केवलेणं जावणो सवरेज्जा ।

प्रश्न–से केणट्ठेणं जाव णो सवरेज्जा ?

उत्तर–गोयमा ! जस्स ण अज्झवसाणावरणिज्जाण कम्माण खओवसमे कडे भवइ से ण असोच्चा केवलिस्स वा जाव केवलेण

सवरेणं सवरेज्जा, जस्स णं अज्झवसाणावरणिज्जाणं कम्माणं खओवसमे णो कडे भवइ से णं असोच्चा केवलिस्स वा जाव णो सवरेज्जा, से तेणट्ठेणं जाव णो सवरेज्जा ।

भावार्थ-६ प्रश्न-हे भगवन् ! केवली आदि के पास से धर्म श्रवण किये बिना ही क्या कोई जीव शुद्ध सवर द्वारा सवृत्त होता है (आश्रव निरोध करता है) ?

६ उत्तर-हे गौतम ! कोई करता है और कोई नहीं भी करता ।

प्रश्न-हे भगवन् ! इसका क्या कारण है ?

उत्तर-हे गौतम ! जिस जीव ने अध्यवसानावरणीय (भाव चारित्रावरणीय) कर्म का क्षयोपशम किया है, वह यावत् सुने बिना भी शुद्ध सवर द्वारा आश्रव का निरोध करता है और जिस ने अध्यवसानावरणीय कर्म का क्षयोपशम नहीं किया, वह शुद्ध सवर द्वारा आश्रव का निरोध नही करता । इसलिये हे गौतम ! पूर्वोक्त प्रकार से कहा है ।

७ प्रश्न-असोच्चा ण भते ! केवलिस्स वा जाव केवल आभिणिवोहियणाणं उप्पाडेज्जा ?

७ उत्तर-गोयमा ! असोच्चा ण केवलिस्स वा जाव उवासियाए वा अत्थेगइए केवल आभिणिवोहियणाण उप्पाडेज्जा, अत्थेगइए केवल आभिणिवोहियणाण णो उप्पाडेज्जा ।

प्रश्न-से केणट्ठेण जाव णो उप्पाडेज्जा ?

उत्तर-गोयमा ! जस्स ण आभिणिबोहियणाणावरणिज्जाण

कम्माण खओवसमे कडे भवइ से णं असोच्चा केवलिस्स वा जाव केवल आभिणिबोहियणाणं उप्पाडेज्जा, जस्स णं आभिणिबोहिय-णाणावरणिज्जाणं कम्माण खओवसमे णो कडे भवइ, से णं असोच्चा केवलिस्स वा, जाव केवल आभिणिबोहियणाणं णो उप्पा-डेज्जा, से तेणट्ठेण जाव णो उप्पाडेज्जा ।

कठिन शब्दार्थ–उप्पाडेज्जा–उत्पन्न करे ।

भावार्थ–७ प्रश्न–हे भगवन् ! केवली आदि के पास से सुने विना ही कोई जीव शुद्ध आभिनिबोधिकज्ञान उत्पन्न करता है ?

७ उत्तर–हे गौतम ! कोई करता है और कोई नहीं करता ।

प्रश्न–हे भगवन् ! इसका क्या कारण है ?

उत्तर–हे गौतम ! जिस जीव ने आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय कर्म का क्षयोपशम किया है, वह यावत् सुने विना ही आभिनिबोधिक ज्ञान उत्पन्न करता है और जिस जीव ने आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय कर्म का क्षयोपशम नहीं किया, वह यावत आभिनिबोधिक ज्ञान उत्पन्न नहीं करता । इसलिये हे गौतम ! पूर्वोक्त प्रकार से कहा गया है ।

८ प्रश्न–असोच्चा णं भंते ! केवलि० जाव केवल सुयणाणं उप्पाडेज्जा ?

८ उत्तर–एवं जहा आभिणिबोहियणाणस्स वत्तव्वया भणिया तहा सुयणाणस्स वि भाणियव्वा, णवरं सुयणाणावरणिज्जाणं कम्माणं खओवसमे भाणियव्वे । एवं चेव केवल ओहिणाणं भाणि-

यव्व, णवर ओहिणाणावरणिज्जाणं कम्माणं खओवसमे भाणियव्वे। एव केवल मणपज्जवणाण उप्पाडेज्जा, णवर मणपज्जवणाणावरणिज्जाणं कम्माण खओवसमे भाणियव्वे।

भावार्थ—८ प्रश्न—हे भगवन् ! केवली आदि के पास से सुने बिना ही कोई जीव शुद्ध श्रुतज्ञान उत्पन्न करता है ?

८ उत्तर—हे गौतम ! जिस प्रकार आभिनिबोधिक ज्ञान का कथन किया गया, उसी प्रकार शुद्ध श्रुतज्ञान, शुद्ध अवधिज्ञान और शुद्ध मन पर्ययज्ञान के विषय में भी कहना चाहिये, परन्तु श्रुतज्ञान में श्रुत-ज्ञानावरणीय कर्म का क्षयोपशम, अवधिज्ञान में अवधिज्ञानावरणीय कम का क्षयोपशम और मन पर्यय ज्ञान में मन पयययज्ञानावरणीय कम का क्षयोपशम कहना चाहिये।

९ प्रश्न—असोच्चा णं भते ! केवलिस्स वा जाव तप्पक्खिय-उवासियाए वा केवलणाण उप्पाडेज्जा ?

९ उत्तर—एव चेव, णवर केवलणाणावरणिज्जाण कम्माण खए भाणियव्वे, सेस त चेव, से तेणट्ठेण गोयमा ! एव वुच्चइ—जाव केवलणाण उप्पाडेज्जा।

कठिन शब्दाथ—खए—क्षय स।

भावाथ—९ प्रश्न—हे भगवन् ! केवली आदि के पास सुने बिना ही कोई जीव केवलज्ञान उत्पन्न करता है ?

९ उत्तर—हे गौतम ! कोई करता है और कोई नहीं करता।

प्रश्न—हे भगवन् ! इसका क्या कारण है ?

उत्तर—हे गौतम ! जिस जीव ने केवल ज्ञानावरणीय कम का क्षय किया

है, वह जीव केवलज्ञान उत्पन्न करता है और जिस जीव ने केवलज्ञानावरणीय कर्म का क्षय नहीं किया, वह केवलज्ञान उत्पन्न नहीं करता। इसलिये हे गौतम ! पूर्वोक्त प्रकार से कहा गया है।

१० प्रश्न–असोच्चा णं भंते ! केवलिस्स वा जाव तप्पक्खिय-उवासियाए वा केवलिपण्णत्तं धम्मं लभेज्जा सवणयाए, केवलं बोहिं बुज्झेज्जा, केवलं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वएज्जा, केवलं बंभचेरवासं आवसेज्जा, केवलेणं संजमेणं संजमेज्जा, केवलेणं संवरेणं संवरेज्जा, केवलं आभिणिबोहियणाणं उप्पाडेज्जा, जाव केवलं मणपज्जवणाणं उप्पाडेज्जा केवलणाणं उप्पाडेज्जा ?

१० उत्तर–गोयमा ! असोच्चा णं केवलिस्स वा जाव उवासियाए वा अत्थेगइए केवलिपण्णत्तं धम्मं लभेज्जा सवणयाए, अत्थेगइए केवलिपण्णत्तं धम्मं णो लभेज्जा सवणयाए, अत्थेगइए केवलं बोहिं बुज्झेज्जा, अत्थेगइए केवलं बोहिं णो बुज्झेज्जा, अत्थेगइए केवलं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वएज्जा, अत्थेगइए जाव णो पव्वएज्जा, अत्थेगइए केवलं बंभचेरवासं आवसेज्जा, अत्थेगइए केवलं बंभचेरवासं णो आवसेज्जा, अत्थेगइए केवलेणं संजमेणं संजमेज्जा, अत्थेगइए केवलेणं संजमेणं णो संजमेज्जा, एवं संवरेण वि, अत्थेगइए केवलं आभिणिबोहियणाणं उप्पाडेज्जा, अत्थेगइए जाव णो उप्पाडेज्जा, एवं जाव मणपज्जवणाणं, अत्थे-

गइए केवलणाणं उप्पाडेज्जा, अत्थेगइए केवलणाणं णो उप्पाडेज्जा ।

प्रश्न–से केणट्ठेण भंते ! एवं वुच्चइ–असोच्चा णं तं चेव जाव अत्थेगइए केवलणाणं णो उप्पाडेज्जा ?

उत्तर–गोयमा ! जस्स णं णाणावरणिज्जाणं कम्माणं खओवसमे णो कडे भवइ, जस्स णं दरिसणावरणिज्जाणं कम्माणं खओवसमे णो कडे भवइ, जस्स णं धम्मंतराइयाणं कम्माणं खओवसमे णो कडे भवइ, एवं चरित्तावरणिज्जाणं, जयणावरणिज्जाणं, अज्झवसाणावरणिज्जाणं, आभिणिबोहियणाणावरणिज्जाणं, जाव मणपज्जवणाणावरणिज्जाणं कम्माणं खओवसमे णो कडे भवइ, जस्स णं केवलणाणावरणिज्जाणं जाव खए णो कडे भवइ से णं असोच्चा केवलिस्स वा जाव केवलिपण्णत्तं धम्मं णो लभेज्ज सवणयाए, केवलं बोहिं णो वुज्झेज्जा, जाव केवलणाणं णो उप्पाडेज्जा । जस्स णं णाणावरणिज्जाणं कम्माणं खओवसमे कडे भवइ, जस्स णं दरिसणावरणिज्जाणं कम्माणं खओवसमे कडे भवइ, जस्स णं धम्मंतराइयाणं, एवं जाव जस्स णं केवलणाणावरणिज्जाणं कम्माणं खए कडे भवइ से णं असोच्चा केवलिस्स वा जाव केवलिपण्णत्तं धम्मं लभेज्जा सवणयाए, केवलं बोहिं वुज्झेज्जा, जाव केवलणाणं उप्पाडेज्जा ।

भावार्थ–१० प्रश्न–हे भगवन् ! केवली यावत् केवलिपाक्षिक की उपा-

सिका, इन दस के पास केवली प्ररूपित धर्म सुने विना भी क्या कोई जीव केवली प्ररूपित धर्म का श्रवण-बोध (श्रुत सम्यक्त्व का अनुभव) करता है, मुण्डित होकर अगारवास से अनगारवास को स्वीकार करता है, शुद्ध ब्रह्मचर्यवास धारण करता है, शुद्ध सयम द्वारा सयम-यतना करता है, शुद्ध सवर द्वारा आश्रव का निरोध करता है, शुद्ध आभिनिवोधिक ज्ञान उत्पन्न करता है, यावत् शुद्ध मन पर्यय ज्ञान तथा केवलज्ञान उत्पन्न करता है ?

१० उत्तर-हे गौतम ! केवली आदि के पास से सुने विना भी कोई जीव वोध प्राप्त करता है और कोई जीव नहीं करता। कोई जीव शुद्ध सम्यक्त्व का अनुभव करता है और कोई नहीं करता। कोई जीव मुण्डित होकर अगारवास से अनगारपन स्वीकार करता है और कोई नहीं करता। कोई जीव शुद्ध ब्रह्मचर्य वास धारण करता है और कोई नहीं करता। कोई जीव शुद्ध सयम द्वारा सयम-यतना करता है और कोई नहीं करता। कोई जीव शुद्ध सवर द्वारा आश्रव का निरोध करता है और कोई नहीं करता। कोई जीव शुद्ध आभिनिवोधिक ज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मन पर्यय ज्ञान और केवलज्ञान उत्पन्न करता है और कोई जीव नहीं करता।

प्रश्न-हे भगवन् ! ऐसा कहने का कारण क्या है ?

उत्तर-हे गौतम ! (१) जिस जीव ने ज्ञानावरणीय कर्म का क्षयोपशम नहीं किया। (२) दर्शनावरणीय कर्म का क्षयोपशम नहीं किया, (३) धर्मान्तरायिक कर्म का क्षयोपशम नही किया, (४) चारित्रावरणीय कर्म का क्षयोपशम नहीं किया, (५) यतनावरणीय कर्म का क्षयोपशम नहीं किया, (६) अध्यवसानावरणीय कर्म का क्षयोपशम नहीं किया, (७) आभिनिवोधिक ज्ञानावरणीय कर्म का क्षयोपशम नहीं किया, (८ से १०) इसी प्रकार श्रुतज्ञानावरणीय, अवधिज्ञानावरणीय और मन पर्यय ज्ञानावरणीय कर्म का क्षयोपशम नहीं किया, (११) केवल ज्ञानावरणीय कर्म का क्षय नहीं किया, वे जीव केवलज्ञानी आदि के पास केवलिप्ररूपित धर्म को सुने विना धर्म का बोध प्राप्त नहीं करते, शुद्ध

सम्यक्त्व का अनुभव नहीं करते, यावत् केवलज्ञान को उत्पन्न नहीं करते। जिन जीवो ने ज्ञानावरणीय कर्म का क्षयोपशम किया है, दर्शनावरणीय कर्म का क्षयोपशम किया है, धर्मान्तरायिक कर्म का क्षयोपशम किया है, यावत केवलज्ञानावरणीय कम का क्षय किया है, वे जीव, केवली आदि के पास सुने बिना ही धर्म का बोध प्राप्त करते ह, शुद्ध सम्यक्त्व का अनुभव करते हैं यावत् केवलज्ञान उत्पन्न करते हैं।

विवेचन-केवलज्ञान, केवलदशन के धारक को केवली कहते हैं। जिसने स्वय केवलज्ञानी से पूछा है, अथवा उनके समीप सुना है, उसे-केवलिश्रावक' और 'केवलिश्राविका' कहते हैं। केवलज्ञानी की उपासना करते हुए, केवली के द्वारा दूसरे को कहाजाने पर जिसने सुना हो उसे-'केवलिउपासक' और 'केवलिउपासिका' कहते हैं। केवलिपाक्षिक का अथ है- स्वय बुद्ध'। उसके श्रावक, श्राविका, उपासक, उपासिका, क्रमश केवलि पाक्षिक श्रावक, केवलिपाक्षिक श्राविका, केवलिपाक्षिक उपासक और केवलिपाक्षिक उपासिका' कहते हैं। असोच्चा' का अथ है- धमफलादि प्रतिपादक वचन सुने बिना ही पूवकृत धर्मानुराग से'। इन दस के पास केवलि प्ररूपित धमफलादि प्रतिपादक वचन सुने बिना ही कोई जीव धम का बोध + प्राप्त करता है और कोई जीव नहीं करता। इसी प्रकार शुद्ध सम्यक्त्व, मुण्डित हाकर अगारवास से अनगारपन, शुद्ध ब्रह्मचयवास, शुद्ध सयम द्वारा सयमयतना, शुद्ध सवर द्वारा आश्रवनिरोध, आभिनिबाधिक ज्ञान यावत केवलज्ञान को तदावरणीय कर्मों के क्षयोपशम और क्षय से प्राप्त करता है, और जिस जीव के तदावरणीय कर्मों का क्षयापशम और क्षय नही हुआ, वह जीव धम बोध यावत केवलज्ञान प्राप्त नहीं करता।

असोच्चा-मिथ्यादृष्टि से सम्यग्दृष्टि

११-तस्स ण भते! छट्ठछट्ठेण अणिक्खित्तेणं तवोकम्मेण

+ मूल पाठ में 'सवणयाए' शब्द है जिसका सीधा अथ होता है 'सुनना' कि तु यहाँ श्रवण का अथ श्रुतज्ञानरूप बोध (धम का बाध) लेना चाहिये।

उड्ढ वाहाओ पगिज्भिय पगिज्भिय सूराभिमुहस्स आयावणभूमीए आयावेमाणस्स पगइभद्दयाए,पगइउवसतयाए, पगइपयणुकोह माण-माया-लोभयाए, मिउमद्दवसपण्णयाए अल्लीणयाए, भद्दयाए, विणीययाए, अण्णया कयावि सुभेण अज्भवमाणेण, सुभेण परिणा-मेण, लेस्साहिं विसुज्भमाणीहिं विसुज्भमाणीहिं तयावरणिज्जाण कम्माण खओवसमेणं ईहा-ऽपोह-मग्गणगवेसणं करेमाणस्स विब्भगे णाम अण्णाणे समुप्पज्जइ, से ण तेण विब्भगणाणेण समुप्पण्णेण जहण्णेणं अगुलस्स असखेज्जइभाग, उक्कोसेणं असखेज्जाइ जोयण-सहस्साइ जाणइ पासइ, से णं तेण विब्भगणाणेण समुप्पण्णेणं जीवे वि जाणइ, अजीवे वि जाणइ, पासडत्थे, सारभे, सपरिग्गहे, सकिलिस्समाणे वि जाणइ, विसुज्भमाणे वि जाणइ, से णं पुव्वामेव सम्मत्त पडिवज्भइ, सम्मत्त पडिवज्जित्ता समणधम्म रोएइ, समणधम्म रोएत्ता चरित्त पडिवज्जइ, चरित्त पडिवज्जित्ता लिंग पडिवज्जइ, तस्स ण तेहिं मिच्छत्तपज्जवेहि परिहायमाणेहिं परिहायमाणेहि सम्मदसण-पज्जवेहिं परिवड्ढमाणेहिं परिवड्ढमाणेहिं से विब्भगे अण्णाणे सम्मत्त-परिग्गहिए खिप्पामेव ओही परावत्तइ ।

कठिन शब्दार्थ—अणिक्खित्तण—निरतर, पगिज्भिय—रखकर,आयावणभूमीए—आतापना भूमि मे, पगइभद्दयाए—प्रकृति (स्वभाव) की भद्रता से, पगइउवसतयाए—स्वभाव से ही क्रोधादि कषायो की उपशानता से, पगइपयणुकोह—स्वभाव से ही पतले क्रोध मिउमद्दव सपण्णयाए-अत्यत मृदुता (नम्रता से युक्त होने से) अल्लीणयाए-प्रलीनता (गद्धि रहित)

होने से, भद्दयाए-भद्रता से, अण्णयाकयावि-अन्य किसी दिन, विसुज्झमाणीहिं-विशुद्धय-मान होने के कारण, ईहाऽपोहमग्गणगवेसण-ईहा अपोह, मागणा गवेपणा (विचार धारा मे सलग्न हो ऊहापोह मे बढते हुए), पासडत्थे-पाखड मे रहे, सारभे-आरभवाले, सकि-लिस्समाण-सक्लेश को प्राप्त हुए रोएइ-रुचि करते हैं, परिहायमाणेहिं-क्षीण होते हुए, परिवड्ढमाणेहिं-बढते हुए, खिप्पामेव-शीघ्र ही, परावत्तइ-परिवत्तन होता है ।

भावार्थ-११-निरन्तर छठ-छठ का (बेले, बेले) का तप करते हुए सूर्य के समुख ऊँचे हाथ करके, आतापना भूमि में आतापना लेते हुए, उस जीव के प्रकृति की भद्रता, प्रकृति की उपशान्तता, स्वभाव से ही क्रोध मान-माया-लोभ के अत्यन्त अल्प होनें, अत्यन्त मादव-नम्रता, अर्थात प्रकृति की कोमलता, कामभोगो में आसक्ति नहीं होने, भद्रता और विनीतता से, किसी दिन शुभ अध्यवसाय, शुभपरिणाम, विशुद्ध लेश्या एव तदावरणीय (विभगज्ञानावरणीय) कर्मों के क्षयोपशम से ईहा, अपोह, मार्गणा और गवेषणा करते हुए 'विभग' नामक अज्ञान उत्पन्न होता है । उस उत्पन्न हुए विभगज्ञान द्वारा वह जघन्य अगुल के असख्यातवे भाग और उत्कृष्ट असख्यात हजार योजन तक जानता और देखता है । उस उत्पन्न हुए विभगज्ञान द्वारा वह जीवो को भी जानता है और अजीवो को भी जानता है । वह पाखण्डो, आरम्भी, परिग्रही और सक्लेश को प्राप्त हुए जीवो को भी जानता है और विशुद्ध जीवो को भी जानता है । इसके बाद वह विभगज्ञानी, सर्व प्रथम सम्यक्त्व प्राप्त करता है । उसके बाद श्रमण-धर्म पर रुचि करता है, रुचि करके चारित्र अगीकार करता है । फिर लिंग (साधुवेश) स्वीकार करता है । तब उस विभगज्ञानी के मिथ्यात्व के पर्याय क्रमश क्षीण होते होते और सम्यग्दर्शन के पर्याय क्रमश बढते-बढते वह 'विभग' नामक अज्ञान, सम्यक्त्व युक्त होता है और शीघ्र ही अवधिरूप में परिवर्तित हो जाता है ।

विवेचन-मूल पाठ में-'छटठ छटठेण' कहा है । इसका अभिप्राय यह है कि प्राय बेले बले की तपस्या करने वाले बाल तपस्वी अज्ञानी जीवो को विभगज्ञान उत्पन्न होता है ।

यद्यपि यहां मूलपाठ में चारित्र प्राप्ति के बाद 'सम्मत्तपरिग्गहिए आदि पाठ आया है, तथापि उस पाठ का सम्बन्ध-'सम्मत्त पडिवज्जइ, सम्मत्त पडिवज्जित्ता' के साथ है ।

जिसका सीधा अर्थ यह होगा कि चारित्र प्राप्ति के पहले ही वह सम्यक्त्व प्राप्त करता है और सम्यक्त्व परिगृहीत होने पर उसका विभगज्ञान अवधिज्ञान रूप मे परिणत हो जाता है। फिर श्रमण धर्म पर रुचि करके चारित्र धर्म को अगीकार करता है। अगीकार करके लिंग स्वीकार करता है।

विद्यमान पदार्थों के प्रति ज्ञान चेष्टा को 'ईहा' कहते हैं। 'यह घट है, पट नही।' इस प्रकार विपक्ष के निराकरणपूर्वक वस्तु तत्त्व के विचार को 'अपोह' कहते हैं। अन्वय व्याप्तिपूर्वक पदार्थ के विचार को 'मार्गण' कहते हैं। व्यतिरेक व्याप्तिपूर्वक पदार्थ के विचार को 'गवेषण' कहते हैं। ईहा, अपोह, मार्गण और गवेषण करते हुए आतापनाभूमि मे आतापना लेते हुए, उस बाल तपस्वी को शुभ अध्यवसाय आदि कारणो से विभगज्ञानावरणीय कर्मों का क्षयोपशम होकर विभगज्ञान उत्पन्न होता है। इसके पश्चात परिणाम अध्यवसाय और लेश्या की विशुद्धि से सम्यक्त्व उत्पन्न होता है। सम्यक्त्व प्राप्ति के साथ ही वह विभगज्ञान अवधिज्ञान हो जाता है। इसके पश्चात वह चारित्र स्वीकार कर साधु वेष को अगीकार करता है।

असोच्चा-लेश्या ज्ञान योगादि

१२ प्रश्न-से णं भते ! कइसु लेस्सासु होज्जा ?

१२ उत्तर-गोयमा ! तिसु विसुद्धलेस्सासु होज्जा, त जहा-तेउलेस्साए, पम्हलेस्साए सुक्कलेस्साए।

१३ प्रश्न-से णं भते ! कइसु णाणेसु होज्जा ?

१३ उत्तर-गोयमा ! तिसु आभिणिबोहियणाण-सुयणाण-ओहिणाणेसु होज्जा।

१४ प्रश्न-से ण भते ! किं सजोगी होज्जा, अजोगी होज्जा ?

१४ उत्तर-गोयमा ! सजोगी होज्जा, णो अजोगी होज्जा।

१५ प्रश्न-जइ सजोगी होज्जा, किं मणजोगी होज्जा, वइ-जोगी होज्जा, कायजोगी होज्जा ?

१५ उत्तर-गोयमा ! मणजोगी वा होज्जा, वइजोगी वा होज्जा, कायजोगी वा होज्जा ।

१६ प्रश्न-से णं भंते ! किं सागारोवउत्ते होज्जा, अणागारो-वउत्ते वा होज्जा ?

१६ उत्तर-गोयमा ! सागारोवउत्ते वा होज्जा, अणागारो-वउत्ते वा होज्जा ।

कठिन शब्दार्थ-सागारोवउत्ते-साकार (ज्ञान) उपयोगवाला, अणागारोवउत्ते-अनाकार (दर्शन) उपयोगवाला ।

भावार्थ-१२ प्रश्न-हे भगवन् ! वह अवधिज्ञानी, कितनी लेश्याओं में होता है ?

१२ उत्तर-हे गौतम ! तीन विशुद्ध लेश्याओं में होता है । यथा-१ तेजोलेश्या, २ पद्मलेश्या और ३ शुक्ललेश्या ।

१३ प्रश्न-हे भगवन् ! वह अवधिज्ञानी, कितने ज्ञान में होता है ?

१३ उत्तर-हे गौतम ! १ आभिनिबोधिकज्ञान, २ श्रुतज्ञान और ३ अवधिज्ञान, इन तीन ज्ञानों में होता है ।

१४ प्रश्न-हे भगवन् ! वह अवधिज्ञानी, सयोगी होता है, या अयोगी ?

१४ उत्तर-हे गौतम ! वह सयोगी होता है, अयोगी नहीं होता ।

१५ प्रश्न-हे भगवन ! यदि वह सयोगी होता है, तो क्या मनयोगी होता है, वचनयोगी होता है, या काययोगी होता है ?

१५ उत्तर-हे गौतम ! वह मनयोगी होता है, वचनयोगी होता है और काययोगी भी होता है।

१६ प्रश्न-हे भगवन् ! वह साकार उपयोग वाला होता है, या अनाकार उपयोग वाला ?

१६ उत्तर-हे गौतम ! वह साकार (ज्ञान) उपयोगवाला भी होता है और अनाकार (दर्शन) उपयोग वाला भी होता है।

१७ प्रश्न-से णं भंते ! कयरम्मि संघयणे होज्जा ?

१७ उत्तर-गोयमा ! वइरोसहणारायसंघयणे होज्जा ।

१८ प्रश्न-से णं भंते ! कयरम्मि संठाणे होज्जा ?

१८ उत्तर-गोयमा ! छण्हं संठाणाणं अण्णयरे संठाणे होज्जा ।

१९ प्रश्न-से णं भंते ! कयरम्मि उच्चत्ते होज्जा ?

१९ उत्तर-गोयमा ! जहण्णेणं सत्तरयणीए, उक्कोसेणं पंच-धणुसइए होज्जा ।

२० प्रश्न-से णं भंते ! कयरम्मि आउए होज्जा ?

२० उत्तर-गोयमा ! जहण्णेणं साइरेगट्ठवासाउए, उक्कोसेणं पुव्वकोडीआउए होज्जा ।

२१ प्रश्न-से णं भंते ! किं सवेदए होज्जा, अवेदए होज्जा ?

२१ उत्तर-गोयमा ! सवेदए होज्जा, णो अवेदए होज्जा ।

२२ प्रश्न-जइ सवेदए होज्जा किं इत्थिवेदए होज्जा, पुरिस-

वेदए होज्जा, पुरिस-णपुसगवेदए होज्जा, णपुसगवेदए होज्जा ?

२२ उत्तर-गोयमा ! णो इत्थिवेदए होज्जा, पुरिसवेदए वा होज्जा, णो णपुसगवेदए होज्जा, पुरिस-णपुसगवेदए वा होज्जा ।

२३ प्रश्न-से ण भते ! किं सकसाई होज्जा अकसाई होज्जा ?

२३ उत्तर-गोयमा ! सकसाई होज्जा, णो अकसाई होज्जा ।

२४ प्रश्न-जइ सकसाई होज्जा से णं भते ! कइसु कसाएसु होज्जा ?

२४ उत्तर-गोयमा ! चउसु सजलणकोह-माण-माया-लोभेसु होज्जा ।

२५ प्रश्न-तस्स ण भते ! केवइया अज्झवसाणा पण्णत्ता ?

२५ उत्तर-गोयमा ! असखेज्जा अज्झवसाणा पण्णत्ता ।

२६ प्रश्न-ते ण भते ! कि पसत्था, अप्पसत्था ?

२६ उत्तर-गोयमा ! पसत्था, णो अप्पसत्था ।

कठिन शब्दार्थ-कयरम्मि-किस, वइरोसहणारायसघयणे-वज्रऋषभनाराच सहनन, सठाणे-आकार मे, उच्चत्ते-उच्चत्व-ऊचाई, सत्तरयणीए-सात हाथ, पसत्था-प्रशस्त (अच्छे)।

भावार्थ-१७ प्रश्न-हे भगवन् ! वह किस सहनन में होता है ?

१७ उत्तर-हे गौतम ! वह वज्रऋषभनाराच सहनन वाला होता है।

१८ प्रश्न-हे भगवन् ! वह किस सस्थान में होता है ?

१८ उत्तर-हे गौतम ! वह छह सस्थानो में से किसी भी सस्थान में होता है।

१९ प्रश्न-हे भगवन् ! वह अवधिज्ञानी कितनी ऊँचाई वाला होता है ?

१९ उत्तर-हे गौतम ! वह जघन्य सात हाथ और उत्कृष्ट पाच सौ धनुष की ऊँचाई वाला होता है ।

२० प्रश्न-हे भगवन् ! वह कितनी आयुष्य वाला होता है ?

२० उत्तर-हे गौतम ! जघन्य साधिक आठ वर्ष और उत्कृष्ट पूर्व कोटि आयुष्य वाला होता है ।

२१ प्रश्न-हे भगवन् ! वह सवेदी होता है, या अवेदी ?

२१ उत्तर-हे गौतम ! वह सवेदी होता है, अवेदी नहीं होता ।

२२ प्रश्न-हे भगवन् ! यदि वह सवेदी होता है, तो क्या स्त्री-वेदी होता है, पुरुष-वेदी होता है, नपुसक-वेदी होता है, या पुरुषनपुसक-वेदी (कृत्रिम नपुसक) होता है ?

२२ उत्तर-हे गौतम ! स्त्रीवेदी नहीं होता, पुरुषवेदी होता है, नपुसक-वेदी नहीं होता, किन्तु पुरुषनपुसकवेदी होता है ।

२३ प्रश्न-हे भगवन् ! वह अवधिज्ञानी सकषायी होता है, या अकषायी ?

२३ उत्तर-हे गौतम ! वह सकषायी होता है, अकषायी नहीं होता ।

२४ प्रश्न-हे भगवन् ! यदि वह सकषायी होता है, तो वह कितने कषाय वाला होता है ?

२४ उत्तर-हे गौतम ! वह सज्वलन क्रोध, मान, माया और लोभ-इन चार कषायो वाला होता है ।

२५ प्रश्न-हे भगवन् ! उसके कितने अध्यवसाय होते है ?

२५ उत्तर-हे गौतम ! उसके असख्यात अध्यवसाय होते है ।

२६ प्रश्न-हे भगवन् ! वे अध्यवसाय प्रशस्त होते है, या अप्रशस्त ?

२६ उत्तर-हे गौतम ! प्रशस्त होते है, अप्रशस्त नही होते ।

२७-से णं भते ! तेहिं पसत्थेहिं अज्झवसाणेहिं वड्ढमाणेहिं

अणंतेहिं णेरइयभवग्गहणेहितो अप्पाणं विसजोएइ, अणंतेहिं तिरिक्खजोणिय-जाव विसजोएइ, अणंतेहिं मणुस्सभवग्गहणेहिंतो अप्पाणं विसजोएइ,- अणतेहि देवभवग्गहणेहिंतो अप्पाणं विसजोएइ, जाओ वि य से इमाओ णेरइय-तिरिक्खजोणिय-मणुस्स-देवगइणामाओ चत्तारि उत्तरपयडीओ, तासिं च णं उवग्गहिए अणताणुबधी कोह-माण-माया-लोभे खवेइ, अण० खवेइत्ता अपच्चक्खाणकसाए कोह माण माया लोभे खवेइ, अपच्च० खवेइत्ता पच्चक्खाणावरण कोह-माण-माया-लोभे खवेइ, पच्च० खवेइत्ता सजलणकोह-माण-माया-लोभे खवेइ, सज० खवेइत्ता पचविह णाणावरणिज्ज, णवविह दरिसणावरणिज्ज, पचविह अतराइय, तालमत्थाकड च णं मोहणिज्ज कट्टु कम्मरयविकिरणकर अपुव्वकरणं अणुपविट्ठस्स अणते अणुत्तरे णिव्वाघाए णिरावरणे कसिणे पडिपुण्णे केवलवरणाण-दसणे समुप्पण्णे ।

२८ प्रश्न–से णं भते ! केवलिपण्णत्त धम्म आघवेज्ज वा, पण्णवेज्ज वा, परूवेज्ज वा ?

२८ उत्तर–णो तिणट्ठे समट्ठे, णण्णत्थ एगण्णाएण वा, एगवागरणेण वा ।

२९ प्रश्न–से ण भते ! पव्वावेज्ज वा, मुडावेज्ज वा ?

२९ उत्तर–णो इणट्ठे समट्ठे, उवएस पुण करेज्जा ।

३० प्रश्न-से णं भंते ! सिज्झइ जाव अंत करेइ ?

३० उत्तर-हंता सिज्झइ, जाव अंत करेइ ।

कठिन शब्दार्थ-विमेजोएइ-विमुक्त करते हैं, उवग्गहिए-आधारभूत, तालमत्थाकड-तालवृक्ष के मस्तक के समान क्षीण करके, कम्मरयविकिरणकर-कर्मरूपी रज को झटककर, अपुव्वकरण-अपूर्वकरण मे, अणुपविट्ठस्स-प्रवेश करके, णिव्वाघाए-व्याघात रहित, णिरावरणे-आवरण रहित, कसिण-सम्पूर्ण पडिपुण्णे-प्रतिपूर्ण, समुप्पज्जे-उत्पन्न होता है, एगण्णाएण-एक उदाहरण एगवागरणेण-एक प्रश्न का उत्तर ।

भावार्थ-२७-वह अवधिज्ञानी, बढते हुए प्रशस्त अध्यवसायो से, अनन्त नैरयिक भवो से अपनी आत्मा को विमुक्त करता है, अनन्त तिर्यंच-भवो से अपनी आत्मा को विमुक्त करता है, अनन्त मनुष्य-भवो से अपनी आत्मा को विमुक्त करता है और अनन्त देव-भवो से अपनी आत्मा को विमुक्त करता है । जो ये नरक-गति, तिर्यंच गति, मनुष्य-गति और देव-गति नामक चार उत्तर प्रकृतियाँ है, उनके तथा दूसरी प्रकृतियो के आधारभूत अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया और लोभ का क्षय करता है, उनका क्षय करके अप्रत्याख्यान क्रोध, मान, माया और लोभ का क्षय करता है, उनका क्षय करके प्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया और लोभ का क्षय करता है, उनका क्षय करके सज्वलन क्रोध, मान, माया और लोभ का क्षय करता है । इसके बाद पांच प्रकार का ज्ञानावरणीय कर्म, नौ प्रकार का दर्शनावरणीय कर्म, पाँच प्रकार का अन्तराय कर्म तथा कटे हुए मस्तक वाले ताड-वृक्ष के समान मोहनीय कर्म को बनाकर, कर्म-रज को बिखेर देने वाले अपूर्वकरण में प्रवेश किये हुए उस जीव के अनन्त, अनुत्तर, व्याघात रहित, आवरण रहित, कृत्स्न (सपूर्ण) प्रतिपूर्ण एव श्रेष्ठ केवलज्ञान और केवल-दर्शन उत्पन्न होता है ।

२८ प्रश्न-हे भगवन् ! वे असोच्चाकेवली, केवलिप्ररूपित धर्म कहते है, बतलाते है और प्ररूपणा करते है ?

२८ उत्तर-हे गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं । वे एक ज्ञात (उदाहरण)

और एक प्रश्न के उत्तर के सिवाय धर्म का उपदेश नहीं करते ।

२९ प्रश्न–हे भगवन् ! वे असोच्चाकेवली किसी को प्रव्रजित करते हैं, मुण्डित करते हैं ?

२९ उत्तर–हे गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं, किन्तु (अमुक के पास तुम प्रव्रज्या ग्रहण करो -) ऐसा उपदेश करते (कहते) हैं ।

३० प्रश्न–हे भगवन् ! वे असोच्चाकेवली सिद्ध होते हैं यावत् समस्त दुःखों का अन्त करते हैं ?

३० उत्तर–हाँ, गौतम ! वे सिद्ध होते हैं, यावत् समस्त दुःखों का अंत करते हैं ।

३१ प्रश्न–से णं भंते ! किं उड्ढं होज्जा, अहे होज्जा, तिरियं होज्जा ?

३१ उत्तर–गोयमा ! उड्ढं वा होज्जा, अहे वा होज्जा, तिरियं वा होज्जा, उड्ढं होज्जमाणे सद्दावइ-वियडावइ-गंधावइ-मालवंत-परियाएसु वट्टवेयड्ढपव्वएसु होज्जा, साहरणं पडुच्च सोमणसवणे वा होज्जा, पंडगवणे वा होज्जा, अहे होज्जमाणे गड्डाए वा, दरीए वा होज्जा, साहरणं पडुच्च पायाले वा, भवणे वा होज्जा, तिरियं होज्जमाणे पण्णरससु कम्मभूमीसु होज्जा, साहरणं पडुच्च अड्ढा-इज्जदीव-समुद्द तदेक्कदेसभाए होज्जा ।

३२ प्रश्न– ते णं एगसमए णं केवइया होज्जा ?

३२ उत्तर–गोयमा ! जहण्णेणं एक्को वा दो वा तिण्णि वा,

उक्कोसेणं दस, से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ-'असोच्चा णं केवलिस्स वा जाव अत्थेगइए केवलिपण्णत्तं धम्मं लभेज्जा सवणयाए, अत्थेगइए असोच्चा णं केवलि० जाव णो लभेज्जा सवणयाए, जाव अत्थेगइए केवलणाणं उप्पाडेज्जा, अत्थेगइए केवलणाणं णो उप्पाडेज्जा' ।

कठिन शब्दार्थ-अहे-नीचे, पायाले-पाताल मे ।

भावार्थ-३१ प्रश्न-हे भगवन् ! वे असोच्चाकेवली क्या ऊर्ध्वलोक में होते है, अधोलोक में होते है, या तिर्यग् लोक में होते है ?

३१ उत्तर-हे गौतम ! ऊर्ध्व-लोक में भी होते है, अधोलोक में भी होते है और तिर्यग्-लोक में भी होते है । यदि ऊर्ध्व-लोक में होते है, तो शब्दापाती, विकटापाती, गन्धापाती और माल्यवन्त नामक वृत्त (वैताढ्य) पर्वतो में होते है । तथा सहरण की अपेक्षा सौमनस वन में अथवा पाण्डुक वन में होते है । यदि अधोलोक में होते है, तो गर्त्ता (अधोलोक ग्रामादि) में अथवा गुफा में होते है । तथा सहरण की अपेक्षा पाताल-कलशो में अथवा भवनवासी देवो के भवनो में होते है । यदि तिर्यग-लोक में होते है, तो पन्द्रह कर्मभूमि में होते है । तथा सहरण की अपेक्षा ढाई द्वीप और समुद्रो के एक भाग में होते है ।

३२ प्रश्न-हे भगवन् ! वे असोच्चा केवली, एक समय में कितने होते है ?

३२ उत्तर-हे गौतम ! जघन्य एक, दो, तीन और उत्कृष्ट दस होते है । इसलिये हे गौतम ! मैं ऐसा कहता हू कि केवली यावत् केवलिपाक्षिक की उपासिका के पास, केवली प्ररूपित धर्म सुने बिना ही किसी जीव को केवलि प्ररूपित धर्म का बोध होता है और किसी को नहीं होता, यावत् कोई जीव केवलज्ञान उत्पन्न कर लेता है और कोई उत्पन्न नहीं करता ।

विवेचन-उपर्युक्त अवधिज्ञानी के विषय मे जो कहा गया है वह सब उस अवधिज्ञानी के लिये समझना चाहिये, जो विभगज्ञानी से अवधिज्ञानी बना है । वह प्रशस्त भाव-

लेश्याओ मे ही होता है, अप्रशस्त भाव लेश्याओ मे नही । सम्यक्त्व प्राप्त ह ते ही उसका मति अज्ञान श्रुतअज्ञान और विभगज्ञान-ये तीनो अज्ञान, ज्ञानरूप में परिणत हा जाते हैं। अवधिज्ञानी के लिये जा वज्रऋषभनाराच सहनन का कथन किया गया है वह आगे प्राप्त होनेवाले केवलज्ञान की अपेक्षा समझना चाहिये। क्योकि केवलज्ञान की प्राप्ति वज्रऋषभ नाराच सहनन वाला को ही हाती है। अवधिज्ञानी दशा मे वह सवेदी होता है। सवदी मे भी पुरुषवेदी और पुरुष नपुसक वेदी होता है। वह सज्वलन कषायवाला होता है। इसके पश्चात् भावो की विशुद्धता से नरकादि चारो गतियो के कारणभूत कषाय का क्षय करता है। पश्च त जिस प्रकार तालवक्ष की मस्तक शूचि के भिन्न हाने पर, तालवक्ष नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार मोहनाय कम का क्षय करता है। जैसा कि कहा है-

मस्तकसूचिविनाश तालस्य यथा ध्रुवो भवति नाश ।
तदवतकमविनाशोऽपि मोहनीयक्षये नित्यम ॥

अथ-जिस प्रकार तालवक्ष की मस्तकशूचि का विनाश होने पर तालवृक्ष का नाश हो जाता है उसी प्रकार मोहनीय कम का क्षय होने पर शेष कर्मो का भी नाश हो जाता है। अत मोहनीय कम की शप प्रकृतियो का क्षय करके ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय और अन्तराय-इन तीनो कर्मों की सभी प्रकृतियो का क्षय कर देता है। इनका क्षय होते ही केवलज्ञान, केवलदशन उत्पन्न हो जाते हैं। केवलज्ञान के लिय शास्त्रकार ने विशेषण दिये हैं। यथा-अनन्त-विषय की अनन्तता के कारण केवलज्ञान अनन्त है। वह अनुत्तर है अर्थात केवलज्ञान से बढकर दूसरा कोई ज्ञान नही है, अर्थात वह सर्वोत्तम ज्ञान है। फिर वह निर्व्याघात होता है अर्थात भीत आदि के द्वारा वह प्रतिहत (स्खलित) नही होता। वह सम्पूण आवरणो के क्षय हो जाने से 'निरावरण' होता है। सकल पदार्थों का ग्राहक होने से 'कृत्स्न' होता है। अपन सम्पूण अशो से युक्त उत्पन्न होने से प्रतिपूर्ण' होता है। इसी तरह केवल दशन के लिय भी ये हो विशपण समझ लेने चाहिये।

वे असोच्चा केवली किसी के द्वारा प्रश्न पूछने पर उत्तर देते हैं तथा एक उदाहरण देते हैं। इसके अतिरिक्त वे किसी प्रकार का उपदेशादि नहीं देते। किसी का अपना शिष्य नहीं बनाते किन्तु किसी दीक्षार्थी के उपस्थित हाने पर व केवल इतना कहते हैं कि 'अमुक के पास दीक्षा लो।'

इस प्रकार के असोच्चा केवली ऊर्ध्वलाक, अधोलोक और तिरछा लोक-इन तीनो लोको मे होते हैं। सहरण आदि का कथन मूल पाठ मे ही कर दिया गया है।

सोच्चा केवली

३३ प्रश्न-सोच्चा ण भंते ! केवलिस्स वा, जाव तप्पक्खिय-उवासियाए वा केवलिपण्णत्त धम्म लभेज्जा सवणयाए ?

३३ उत्तर-गोयमा ! सोच्चा णं केवलिस्स वा, जाव अत्थेगइए केवलिपण्णत्त धम्म, एव जा चेव असोच्चाए, वत्तव्वया सा चेव सोच्चाए वि भाणियव्वा, णवर अभिलावो 'सोच्चे' त्ति, सेस त चेव णिरवसेस, जाव जस्स णं मणपज्जवणाणावरणिज्जाणं कम्माणं खओवसमे कडे भवइ, जस्स णं केवलणाणावरणिज्जाणं कम्माणं खए कडे भवइ से णं सोच्चा केवलिस्स वा, जाव उवासियाए वा केवलिपण्णत्त धम्म लभेज्जा सवणयाए, केवल बोहिं बुज्झेज्जा, जाव केवलणाण उप्पाडेज्जा ।

कठिन शब्दार्थ-सोच्चाण-सुनकर, सवणयाए-श्रुतज्ञानरूप बोध।

भावार्थ-३३ प्रश्न-हे भगवन् ! केवली यावत् केवलिपाक्षिक की उपासिका के पास धर्म-प्रतिपादक वचन सुनकर कोई जीव, केवलिप्ररूपित धर्म का बोध प्राप्त कर सकता है ?

३३ उत्तर-हे गौतम ! केवली यावत् केवलिपाक्षिक की उपासिका में से किसी के पास धर्मप्रतिपादक वचन सुनकर कोई जीव केवलिप्ररूपित धर्म का बोध प्राप्त करता है और कोई नहीं करता। इस विषय में जिस प्रकार 'असोच्चा' की वक्तव्यता कही, उसी प्रकार 'सोच्चा' की भी कहनी चाहिये, परन्तु यहां 'सोच्चा' ऐसा पाठ कहना चाहिये। शेष सभी पूर्वोक्त वक्तव्यता

कहनी चाहिये । यावत् जिस जीव के मन पर्यय ज्ञानावरणीय कर्म का क्षयोपशम हुआ है और जिस जीव ने केवलज्ञानावरणीय कर्म का क्षय किया है, उस जीव को केवली आदि के पास से सुनकर केवलिप्ररूपित धर्म का बोध होता है, शुद्ध सम्यक्त्व का बोध होता है यावत केवलज्ञान की प्राप्ति होती है ।

३४-तस्स णं अट्ठमअट्ठमेणं अणिक्खित्तेण तवोकम्मेणं अप्पाण भावेमाणस्स पगइभद्दयाए, तहेव जाव गवेसणं करेमाणस्स ओहिणाणे समुप्पज्जइ, से णं तेण ओहिणाणेण समुप्पण्णेण जहण्णेण अगुलस्स असखेज्जइभाग, उक्कोसेण असखेज्जाइ अलोए लोयप्पमाणमेत्ताइ खडाइ जाणइ पासइ ।

३५ प्रश्न-से ण भते ! कइसु लेस्सासु होज्जा ?

३५ उत्तर-गोयमा ! छसु लेसासु होज्जा, त जहा-कण्हलेस्साए, जाव सुक्कलेस्साए ।

३६ प्रश्न-से ण भते ! कइसु णाणेसु होज्जा ?

३६ उत्तर-गोयमा ! तिसु वा, चउसु वा होज्जा, तिसु होज्जमाणे तिसु आभिणिवोहियणाण-सुयणाण-ओहिणाणेसु होज्जा, चउसु होज्जमाणे आभिणिवोहियणाण सुयणाण-ओहिणाण-मणपज्जवणाणेसु होज्जा ।

कठिन शब्दार्थ-अट्ठमअट्ठमेण-अष्टम अष्टम (तेले तेले की तपस्या), अणिक्खित्तेण-निरन्तर, अलोए लोयप्पमाणमेत्ताइ-अलोक मे लोक प्रमाण ।

भावार्थ-३४ केवली आदि के पास से धर्मप्रतिपादक वचन सुनकर

सम्यग्दर्शनादि प्राप्त जीव को निरन्तर तेले-तेले की तपस्या द्वारा आत्मा को भावित करते हुए, प्रकृति की भद्रता आदि गुणो से यावत् ईहा, अपोह, मार्गण गवेषण करते हुए अवधिज्ञान उत्पन्न होता है। उस उत्पन्न हुए अवधिज्ञान के द्वारा वह जघन्य अगुल के असख्यातवे भाग और उत्कृष्ट अलोक में लोक प्रमाण असख्य खण्डो को जानता और देखता है।

३५ प्रश्न-हे भगवन् ! वह अवधिज्ञानी जीव, कितनी लेश्याओ में होता है ?

३५ उत्तर-हे गौतम ! वह छहो लेश्याओ में होता है। यथा-कृष्ण लेश्या यावत् शुक्ल लेश्या।

३६ प्रश्न-हे भगवन् ! वह अवधिज्ञानी कितने ज्ञान में होता है ?

३६ उत्तर-हे गौतम ! वह तीन ज्ञान अथवा चार ज्ञान में होता है। यदि तीन ज्ञान में होता है, तो आभिनिवोधिक ज्ञान, श्रुतज्ञान और अवधिज्ञान में होता है, यदि चार ज्ञान में होता है, तो आभिनिवोधिकज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान और मन पर्ययज्ञान में होता है।

३७ प्रश्न-से णं भते ! कि सजोगी होज्जा, अजोगी होज्जा ?

३७ उत्तर-एव जोगो, उवओगो, सघयणं, सठाणं, उच्चत्त, आउय च एयाणि सव्वाणि जहा असोच्चाए तहेव भाणियव्वाणि।

३८ प्रश्न-से ण भते ! किं सवेदए-पुच्छा ?

३८ उत्तर-गोयमा ! सवेदए वा होज्जा, अवेदए वा होज्जा।

३९ प्रश्न-जइ अवेदए होज्जा किं उवसतवेदए होज्जा, खीणवेदए होज्जा ?

३९ उत्तर-गोयमा ! णो उवसतवेदए होज्जा, खीणवेदए

होज्जा ।

४० प्रश्न-जइ सवेदए होज्जा किं इत्थीवेदए होज्जा, पुरिसवेदए होज्जा, णपुसगवेदए होज्जा, पुरिस-णपुसगवेदए होज्जा-पुच्छा ?

४० उत्तर-गोयमा ! इत्थीवेदए वा होज्जा, पुरिसवेदए वा होज्जा, पुरिस-णपुसगवेदए वा होज्जा ।

४१ प्रश्न-से णं भंते ! किं सकसाई होज्जा, अकसाई होज्जा ?

४१ उत्तर-गोयमा ! सकसाई वा होज्जा, अकसाई वा होज्जा ।

४२ प्रश्न-जइ अकसाई होज्जा किं उवसतकसाई होज्जा, खीणकसाई होज्जा ?

४२ उत्तर-गोयमा ! णो उवसतकसाई होज्जा, खीणकसाई होज्जा ।

४३ प्रश्न-जइ सकसाई होज्जा से णं भंते ! कइसु कसाएसु होज्जा ?

पासित्ता पुरिससहस्सवाहिणि सीय ठवेइ, पुरिससहस्सवाहिणिओ सियाओ पच्चोरुहइ । तएणं त जमालि खत्तियकुमार अम्मा-पियरो पुरओ काउ जेणेव समणे भगव महावीरे तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता समण भगव महावीर तिक्खुत्तो जाव णमसित्ता एव वयासी–एव खलु भते ! जमाली खत्तियकुमारे अम्ह एगे पुत्ते इट्ठे कते जाव किमग ! पुणपासणयाए,-से जहा णामए उप्पले इ वा, पउमे इ वा, जाव सहस्सपत्ते इ वा पके जाए जले सवुड्ढे णोऽव-लिप्पइ पकरएण, णोऽवलिप्पइ जलरएण, एवामेव जमाली वि खत्तियकुमारे कामेहिं जाए, भोगेहि सवुड्ढे णो विलिप्पइ कामरएणं णो विलिप्पइ भोगरएणं णो विलिप्पइ मित्त-णाइ-णियगसयण-सवधिपरिजणेण । एस ण देवाणुप्पिया ! ससारभयुव्विग्गे भीए जम्मण-मरणेण, देवाणुप्पियाण अतिए मुडे भवित्ता अगाराओ अणगारिय पव्वतेइ, त एय ण देवाणुप्पियाण अम्हे सीसभिक्ख दलयामो, पडिच्छतु ण देवाणुप्पिया ! सीसभिक्ख ।

कठिन शब्दार्थ–णोवलिप्पइ–लिप्त नही होता, पकरएण–पक की रज से, ससार-भयुव्विग्ग–ससार के भय से उद्विग्न हुआ, पडिच्छतु–ग्रहण करे ।

भावार्थ–औपपातिक सूत्र में वर्णित कोणिक के प्रसगानुसार जमालीकुमार, हजारो पुरुषो से देखाजाता हुआ ब्राह्मणकुण्ड ग्राम नगर के बाहर बहुशाल उद्यान में आया और तिथङ्कर भगवान के छत्र आदि अतिशयो को देखते ही सहस्रपुरुष-वाहिनी से नीचे उतरा । फिर जमालीकुमार को आगे करके उसके माता-पिता,

'श्रमण भगवान् महावीर स्वामी की सेवामें उपस्थित हुए और भगवान् को तीन बार प्रदक्षिणा करके इस प्रकार बोले-"हे भगवन् ! यह जमालीकुमार हमारा इकलौता, प्रिय और इष्ट पुत्र है। इसका नाम सुनना भी दुलभ है, तो दर्शन दुर्लभ हो इसमें तो कहना ही क्या। जिस प्रकार कीचड में उत्पन्न होने और पानी में बडा होने पर भी कमल, पानी और कीचड से निर्लिप्त रहता है, इसी प्रकार जमालीकुमार भी काम से उत्पन्न हुआ और भोगो में बडा हुआ, परन्तु वह काम में किंचित् भी आसक्त नहीं है। मित्र, ज्ञाति, स्वजन सम्बन्धी और परिजनो में लिप्त नहीं है। हे भगवन् ! यह जमालीकुमार ससार के भय से उद्विग्न हुआ है, जन्म मरण के भय से भयभीत हुआ है। यह आपके पास मुण्डित होकर अनगार धम स्वीकार करना चाहता है। अत हे भगवन् ! हम यह शिष्यरूपी भिक्षा देते है। आप इसे स्वीकार करे।

२७-तएण समणे भगव महावीरे जमालिं खत्तियकुमार एव वयासी-अहासुह देवाणुप्पिया ! मा पडिबध ! तएण से जमाली खत्तियकुमारे समणेण भगवया महावीरेणं एव वुत्ते समाणे हट्ठ तुट्ठे समणं भगव महावीर तिक्खुत्तो जाव णमसित्ता उत्तरपुरत्थिम दिसि-भाग अवक्कमइ, अवक्कमित्ता सयमेव आभरण-मल्ला-लकार ओमुयइ। तएण सा जमालिस्स खत्तियकुमारस्स माया हसलक्ख-णेण पडसाडएण आभरण-मल्ला-लकार पडिच्छइ, आ० २ पडि-च्छित्ता हार-वारि जाव विणिम्मुयमाणी विणिम्मुयमाणी जमालिं-खत्तियकुमार एव वयासी-घडियव्व जाया ! जइयव्व जाया ! परिक्कमियव्व जाया ! अस्सिं च णं अट्ठे, णो पमाएयव्व ति कट्टु

जमालिस्स खत्तियकुमारस्स अम्मा-पियरो समणं भगव महावीर वदति, णमसति, वदित्ता णमसित्ता जामेव दिसिं पाउब्भूया तामेव दिसि पडिगया ।

कठिन शब्दार्थ-अहासुह-यथासुख (जैसा सुख हो वैसा करो), मा पडिबध-प्रतिबध (रुकावट) मत करो विणिम्मुयमाणी-विमोचन करती (डालती) हुई, घडियव्व-प्रयत्न करना चाहिये, जइयव्व-यत्न करना, पडिक्कमियव्व-पराक्रम करना ।

भावार्थ-२७-तत् पश्चात् श्रमण भगवान् महावीर स्वामी ने जमाली-क्षत्रिय कुमार से इस प्रकार कहा-"हे देवानुप्रिय ! जिस प्रकार तुम्हे सुख हो वैसा करो, किन्तु विलम्ब मत करो ।" भगवान् के ऐसा कहने पर जमाली क्षत्रिय कुमार हर्षित और तुष्ट हुआ और भगवान् को तीन बार प्रदक्षिणा कर यावत वन्दना नमस्कार कर, उत्तर पूर्व (ईशान कोण) में गया । उसने स्वयमेव आभरण, माला और अलङ्कार उतारे । उसकी माता ने उन्हे हस के चिन्हवाले पटशाटक (वस्त्र) में ग्रहण किया । फिर हार और जलधारा के समान आसू गिराती हुई अपने पुत्र से इस प्रकार बोली-"हे पुत्र ! सयम में प्रयत्न करना, सयम में पराक्रम करना । सयम पालन में किंचित् मात्र भी प्रमाद मत करना ।" इस प्रकार कहकर जमाली क्षत्रिय कुमार के माता पिता भगवान् को वन्दना नमस्कार कर के जिस दिशा से आये थे, उसी में दिशा से वापिस चले गये ।

२८-तएण से जमाली खत्तियकुमारे सयमेव पञ्चमुट्ठिय लोय करेइ, करित्ता जेणेव समणे भगव महावीरे तेणेव उवागच्छइ, एव जहा उसभदत्तो तहेव पव्वइओ, णवर पचहि पुरिससएहिं सद्धिं तहेव जाव सामाइयमाइयाइ एक्कारस अगाइ अहिज्जइ, सा०

चरमाणे गामाणुग्गाम दूइज्जमाणे जेणेव सावत्थी णयरी, जेणेव कोट्ठए चेइए तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता अहापडिरूव उग्गह ओगिण्हइ, अ० ओगिण्हित्ता सजमेणं तवसा अप्पाण भावेमाणे विहरइ। तएण समणे भगव महावीरे अण्णया कयाइ पुव्वाणुपुव्वि चरमाणे जाव सुहसुहेणं विहरमाणे जेणेव चपा णयरी, जेणेव पुण्णभद्दे चेइए तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता अहापडिरूव उग्गह ओगिण्हइ, अ० ओगिण्हित्ता सजमेणं तवसा अप्पाण भावेमाणे विहरइ।

कठिन शब्दार्थ–अहापडिरूव–यथा प्रतिरूप–मुनियो के योग्य।

भावार्थ–३०–उस काल उस समय में श्रावस्ती नाम की नगरी थी–वर्णन। वहा कोष्ठक नामक उद्यान था–वणन यावत वनखण्ड तक। उस काल उस समय में चम्पा नाम की नगरी थी–वर्णन। पूर्णभद्र उद्यान था–वर्णन यावत् उसमें पृथ्वीशिलापट्ट था। एक बार वह जमाली अनगार पाच सौ साधुओ के साथ अनुक्रम से विहार करते हुए और ग्रामानुग्राम विचरते हुए श्रावस्ती नगरी के बाहर कोष्ठक उद्यान में आये और यथायोग्य अवग्रह ग्रहण करके सयम और तप द्वारा आत्मा को भावित करते हुए विचरने लगे। इधर भगवान् महावीर स्वामी अनुक्रम से विचरते हुए यावत सुखपूर्वक विहार करते हुए चम्पा नगरी के पूर्णभद्र उद्यान में पधारे और यथायोग्य अवग्रह ग्रहण करके तप सयम से आत्मा को भावित करते हुए विचरने लगे।

जमाली के मिथ्यात्व का उदय

३१–तएण तस्स जमालिस्स अणगारस्स तेहिं अरसेहि य

विरसेहि य अंतेहि य पंतेहि य लूहेहि य तुच्छेहि य कालाइक्कतेहि य, पमाणाइक्कतेहि य, सीएहि य पाण-भोयणेहि अण्णया कयाइ सरीरगसि विउले रोगायके पाउब्भूए, उज्जले, विउले, पगाढे, कक्कसे, कडुए, चडे, दुक्खे, दुग्गे, तिव्वे, दुरहियासे। पित्तज्जर-परिगयसरीरे, दाहवुक्कतिए या वि विहरइ। तएणं से जमाली अणगारे वेयणाए अभिभूए समाणे समणे णिग्गंथे सद्दावेइ स० सद्दावित्ता एव वयासी–तुब्भे ण देवाणुप्पिया ! मम सेज्जासथारग-सथरह। तएण ते समणा णिग्गथा जमालिस्स अणगारस्स एयमट्ठ विणएण पडिसुणेंति, पडिसुणित्ता जमालिस्स अणगारस्स सेज्जासथारग सथरति। तएण से जमाली अणगारे वलियतर वेयणाए अभिभूए समाणे दोच्च पि समणे णिग्गथे सद्दावेइ, सद्दा-वित्ता, दोच्च पि एव वयासी–मम ण देवाणुप्पिया ! सेज्जासथारए ण किं कडे, कज्जइ ? तएण ते समणा णिग्गथा जमालिं अणगार एव वयासी–णो खलु देवाणुप्पिया णं सेज्जासथारए कडे, कज्जइ।

कठिन शब्दार्थ–अरसेहिं–बिना रस वाले, विरसेहिं–खराब रस वाले, अतेहिं–भोजन के बाद बचा हुआ, पतेहिं–तुच्छ (हलका), लूहे–रूक्ष से, कालाइक्कतेहिं–जिसका काल बीत चुका ऐसे आहार से, पाउब्भूए–उत्पन्न हुआ, पगाढे–जोरदार दुग्गे–कष्ट साध्य, दुरहियासे–असह्य, पित्तजरपरिगयसरीर–शरीर मे पित्तज्वर व्याप्त हुआ, दाहवुक्कमि–जलन युक्त हुआ, सेज्जासथारग सथरह–बिछौना बिछाओ, कि कडे, कज्जई ?–क्या किया है, या कर रहे हो ?

भावार्थ–३१–जमाली अनगार को अरस, विरस, अन्त, प्रान्त, रूक्ष, तुच्छ, कालातिक्रान्त (भूख, प्यास का समय बीत जाने पर किया गया आहार),

प्रमाणातिक्रान्त (प्रमाण से कम या अधिक।) और ठण्डे पान भोजन से शरीर में महारोग हो गया। वह रोग, अत्यन्त दाह करने वाला, विपुल, प्रगाढ, कर्कश, कटुक, चण्ड (भयङ्कर), दु खरूप, कष्ट साध्य, तीव्र और असह्य था। उसका शरीर पित्तज्वर से व्याप्त होने से दाह युक्त था। वेदना से पीडित बने जमाली अनगार ने श्रमण निर्ग्रन्थो से कहा–"हे देवानुप्रियो! मेरे सोने के लिये सस्तारक (बिछौना) बिछाओ।" श्रमण-निग्र न्थो ने जमाली अनगार की बात, विनय पूर्वक स्वीकार की और बिछौना बिछाने लगे। जमाली अनगार वेदना से अत्यन्त व्याकुल थे, इसलिये उन्होने फिर श्रमण निग्र न्थो से पूछा–"हे देवानुप्रियो! क्या बिछौना बिछा दिया, या बिछा रहे हो?" तब श्रमण निग्रन्थो ने कहा–"हे देवानुप्रिय! बिछौना अभी बिछा नही है, बिछा रहे है।"

तएणं तस्स जमालिस्स अणगारस्स अयमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था–ज णं समणे भगव महावीरे एव आइक्खइ, जाव एव परूवेइ–एव खलु चलमाणे चलिए, उदीरिज्जमाणे उदीरिए, जाव णिज्जरिज्जमाणे णिज्जिण्णे, त णं मिच्छा, इम च णं पच्चक्खमेव दीसइ सेज्जासथारए कज्जमाणे अकडे, सथरिज्जमाणे असथरिए, जम्हा णं सेज्जासथारए कज्जमाणे अकडे, सथरिज्जमाणे असथरिए तम्हा चलमाणे वि अचलिए, जाव णिज्जरिज्जमाणे वि अणिज्जिण्णे, एव सपेहेइ, सपेहित्ता समणे णिग्गथे सद्दावेइ, सम० सद्दावित्ता एव वयासी–ज णं देवाणुप्पिया! समणे भगव महावीरे एव आइक्खइ जाव परूवेइ–एव खलु चलमाणे चलिए त चेव सव्व जाव णिज्ज-रिज्जमाणे अणिजिण्णे। तएण तस्स जमालिस्स अणगारस्स एव

आइक्खमाणस्स जाव परूवेमाणस्स अत्थेगइया समणा णिग्गंथा एयमट्ठं सद्दहंति पत्तियंति रोयंति, अत्थेगइया समणा णिग्गंथा एयमट्ठं णो सद्दहंति, णो पत्तियंति, णो रोयंति । तत्थ णं जे ते समणा णिग्गंथा जमालिस्स अणगारस्स एयमट्ठं सद्दहंति, पत्तियंति, रोयंति ते णं जमालिं चेव अणगारं उवसंपज्जित्ता णं विहरंति, तत्थ णं जे ते समणा णिग्गंथा जमालिस्स अणगारस्स एयं अट्ठं णो सद्दहंति, णो पत्तियंति, णो रोयंति ते णं जमालिस्स अणगारस्स अंतियाओ कोट्ठयाओ चेइयाओ पडिणिक्खमंति, पडिणिक्खमित्ता पुव्वाणुपुव्विं चरमाणा गामाणुगामं दूइज्जमाणा जेणेव चंपा णयरी जेणेव पुण्णभद्दे चेइए जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणपयाहिणं करेंति, करित्ता वंदंति णमंसंति, वंदित्ता णमंसित्ता समणं भगवं महावीरं उवसंपज्जित्ता णं विहरंति ।

कठिन शब्दार्थ–अज्झत्थिए–अध्यवसाय, चलमाणेचलिए–चलता हो वह चला, पच्चक्खमेव–प्रत्यक्ष ही, संपेहेइ–विचार करता है उवसंपज्जित्ताणं–आश्रय करके ।

भावार्थ–श्रमणों की यह-बात सुनने पर जमाली अनगार को इस प्रकार विचार हुआ–"श्रमण भगवान् महावीर स्वामी इस प्रकार कहते हैं यावत् प्ररूपणा करते हैं कि 'चलमान चलित है, उदीर्यमाण उदीरित है यावत् निर्जीर्यमाण निर्जीर्ण है,' परन्तु यह बात मिथ्या है । क्योंकि यह बात प्रत्यक्ष है कि जब तक बिछौना बिछाया जाता हो, तब तक 'बिछाया हुआ' नहीं है, इस कारण चलमान चलित नहीं, किन्तु अचलित है, यावत् निर्जीयमाण निर्जीर्ण नहीं, परंतु अनिर्जीर्ण

है ।" इस प्रकार विचार कर जमाली अनगार ने श्रमण-निग्रन्थो को बुलाकर इस प्रकार कहा—"हे देवानुप्रियो ! श्रमण भगवान् महावीर स्वामी इस प्रकार कहते है यावत् प्ररूपणा करते है कि 'चलमान चलित कहलाता है' इत्यादि (पूर्ववत्), यावत् निर्जीयमाण निर्जीण नहीं, किन्तु अनिर्जीर्ण है ।" जमाली अनगार की इस बात पर कितने ही श्रमण निग्रथो ने श्रद्धा, प्रतीति और रुचि की तथा कितने ही श्रमण-निग्रन्थो ने श्रद्धा, प्रतीति और रुचि नहीं की । जिन श्रमण-निग्रन्थो ने जमाली अनगार की उपरोक्त बात पर श्रद्धा, प्रतीति एव रुचि की, वे जमाली अनगार के पास रहे और जिन्होने उनकी बात पर श्रद्धा, प्रतीति और रुचि नही की, वे जमाली अनगार के पास से—कोष्ठक उद्यान से निकल कर अनुक्रम से विचरते हुए एव ग्रामानुग्राम विहार करते हुए, चम्पा नगरी के बाहर पूर्णभद्र उद्यान में, श्रमण भगवान् महावीर स्वामी के पास लौट आये और भगवान् को तीन वार प्रदक्षिणा करके एव वन्दना नमस्कार करके उनके आश्रय में विचरने लगे ।

विवेचन—'चलमान चलित यावत निर्जीयमाण निर्जीण'—यह भगवान का सिद्धान्त है । इसका सयुक्तिक विवेचन भगवती सूत्र के प्रथम शतक के प्रथम उद्देशक के प्रारम्भ मे कर दिया गया है । जमाली ने इस सिद्धान्त से विपरीत प्ररूपणा की । उनके पास रहने वाले कितने ही श्रमण निग्रन्थो ने इस सिद्धान्त पर श्रद्धा प्रतीति और रुचि की और कितने ही श्रमण निग्रन्थो ने इस सिद्धान्त पर श्रद्धा, प्रतीति, रुचि नही की । वे जमाली अनगार के पास से निकल कर श्रमण भगवान महावीर स्वामी के पास चले आये ।

सर्वज्ञता का झूठा दावा

३२—तएण से जमाली अणगारे अण्णया कयावि ताओ रोगायकाओ विप्पमुक्के, हट्ठे जाए, अरोए बलियसरीरे, सावत्थीए णयरीए कोट्ठयाओ चेइयाओ पडिणिक्खमइ, पडिणिक्खमित्ता

पुव्वाणुपुव्विं चरमाणे, गामाणुग्गाम दूइज्जमाणे जेणेव चपा णयरी, जेणेव पुण्णभद्दे चेइए, जेणेव समणे भगव महावीरे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता समणस्स भगवओ महावीरस्स अदूरसामते ठिच्चा समण भगव महावीर एव वयासी–जहा णं देवाणुप्पियाणं वहवे अतेवासी समणा णिग्गथा छउमत्था भवित्ता छउमत्थावक्कमणेण अवक्कता, णो खलु अह तहा छउमत्थे भवित्ता छउमत्थावक्कमणेण अवक्कते, अह णं उप्पण्णणाण-दसणधरे अरहा जिणे केवली भवित्ता केवलिअवक्कमणेण अवक्कते ।

कठिन शब्दार्थ–अण्णया कयाइ–किसी अन्य दिन, वलियसरीरे–बलवान् शरीर वाले, छउमत्था–असर्वज्ञ, छउमत्थावक्कमणेण–असर्वज्ञ रहे हुए विचर रहे हैं ।

भावार्थ–३२–किसी समय जमाली अनगार पूर्वोक्त रोग से मुक्त हुआ, रोग रहित और बलवान् शरीर वाला हुआ । श्रावस्ती नगरी के कोष्ठक उद्यान से निकल कर अनुक्रम से विचरता हुआ एव ग्रामानुग्राम विहार करता हुआ चपा *नगरी के पूर्णभद्र उद्यान में आया । उस समय श्रमण भगवान् महावीर स्वामी* भी वहाँ पधारे हुए थे । वह श्रमण भगवान् महावीर स्वामी के पास आया और भगवान् के न अति दूर और न अति समीप खडा रहकर इस प्रकार बोला– "जिस प्रकार आपके बहुत से शिष्य छद्मस्थ रहकर, छद्मस्थ विहार से विचरण कर रहे है, उस प्रकार मै छद्मस्थ विहार से विचरण नहीं करता , किन्तु उत्पन्न हुए केवलज्ञान केवलदर्शन को धारण करने वाला अरिहन्त, जिन, केवली होकर केवली विहार से विचरण कर रहा हूँ ।"

३३–तएण भगव गोयमे जमालि अणगार एव वयासी–णो

खलु जमाली ! केवलिस्स णाणे वा दंसणे वा सेलंसि वा थंभंसि वा थूभंसि वा आवरिज्जइ वा, णिवारिज्जइ वा जइ णं तुम जमाली ! उप्पण्णणाण-दंसणधरे अरहा जिणे केवली भवित्ता केवलिअवक्कमणेणं अवक्कंते, तो णं इमाइं दो वागरणाइं वागरेहि—सासए लोए जमाली ! असासए लोए जमाली ! सासए जीवे जमाली ! असासए जीवे जमाली ! तएणं से जमाली अणगारे भगवया गोयमेणं एवं वुत्ते समाणे संकिए कंखिए जाव कलुससमावण्णे जाए या वि होत्था, णो संचायइ भगवओ गोयमस्स किंचि वि पमोक्खं आइक्खित्तए, तुसिणीए संचिट्ठइ ।

कठिन शब्दार्थ—सेलंसि—पर्वत से, आवरिज्जइ—ढंकता है, णिवारिज्जइ—निवारित होता है, कलुससमावण्णे—कलुषित भाव को प्राप्त हुआ ।

भावार्थ—३३—जमाली की बात सुनकर भगवान् गौतम स्वामी ने जमाली अनगार से इस प्रकार कहा—"हे जमाली ! केवली का ज्ञान दर्शन पर्वत, स्तम्भ और स्तूप आदि से आवृत और निवारित नहीं होता । हे जमाली ! यदि तू उत्पन्न केवलज्ञान दर्शन का धारण करने वाला अरिहन्त, जिन, केवली होकर केवली-विहार से विचरण करता है, तो इन दो प्रश्नों का उत्तर दे—(प्रश्न) हे जमाली ! क्या लोक शाश्वत है या अशाश्वत है ? हे जमाली ! क्या जीव शाश्वत है या अशाश्वत है ?

गौतम स्वामी के इन प्रश्नों को सुनकर जमाली शंकित और कांक्षित हुआ यावत् कलुषित परिणाम वाला हुआ । वह गौतम स्वामी के प्रश्नों का उत्तर देने में समर्थ नहीं हुआ । अतः मौन धारण कर चुपचाप खड़ा रहा ।

३४–'जमाली' त्ति समणे भगव महावीरे जमालिं अणगारं एव वयासी–अत्थि ण जमाली ! मम वहवे अंतेवासी समणा णिग्गथा छउमत्था, जे णं पभू एय वागरण वागरित्तए, जहा णं अहं, णो चेव णं एयप्पगार भास भासित्तए, जहा णं तुम ! सासए लोए जमाली ! ज णं कयाइ णासी, ण कयाइ ण भवइ, ण कयाइ ण भविस्सइ, भुवि च, भवइ य, भविस्सइ य, धुवे णिइए सासए, अक्खए, अव्वए, अवट्ठिए णिच्चे । असासए लोए जमाली ! ज ओसप्पिणी भवित्ता उस्सप्पिणी भवइ, उस्सप्पिणी भवित्ता ओसप्पिणी भवइ । सासए जीवे जमाली ! ज ण कयाइ णासी, जाव णिच्चे । असासए जीवे जमाली ! ज णं णेरइए भवित्ता तिरिक्ख-जोणिए भवइ तिरिक्खजोणिए भवित्ता मणुस्से भवइ, मणुस्से भवित्ता देवे भवइ ।

कठिन शब्दार्थ–एयप्पगार–इस प्रकार, अव्वए–अव्यय, अवट्ठिए–अवस्थित ।

भावार्थ–३४–इसके पश्चात् श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने जमाली अनगार को सम्बोधित करके कहा–'हे जमाली ! मेरे बहुत से श्रमण-निर्ग्रन्थ शिष्य छद्मस्थ है, परन्तु वे मेरे ही समान इन प्रश्नो का उत्तर देने में समर्थ हैं, किंतु जिस प्रकार तू कहता है कि 'मैं सर्वज्ञ अरिहन्त, जिन, केवली हूँ,' वे इस प्रकार की भाषा नहीं बोलते ।"

हे जमाली ! लोक शाश्वत है, क्योंकि 'लोक कदापि नहीं था, नहीं है और नहीं रहेगा'–यह बात नही है, किन्तु 'लोक था, है और रहेगा ।' लोक ध्रुव, नियत, शाश्वत, अक्षय, अव्यय, अवस्थित और नित्य है । हे जमाली ! लोक अशाश्वत भी है, क्योकि अवसर्पिणी काल होकर उत्सर्पिणी काल होता है ।

उत्सर्पिणी काल होकर अवसर्पिणी काल होता है।"

"हे जमाली ! जीव शाश्वत है, क्योंकि 'जीव कदापि नहीं था, नहीं है और नहीं रहेगा'-ऐसी बात नहीं है, किन्तु 'जीव था, है और रहेगा।' यावत जीव नित्य है। हे जमाली ! जीव अशाश्वत भी है। क्योंकि वह नैरयिक होकर तिर्यंच योनिक हो जाता है, तिर्यंच योनिक होकर मनुष्य हो जाता है और मनुष्य होकर देव हो जाता है।

३५-तएणं से जमाली अणगारे समणस्स भगवओ महावीरस्स एव आइक्खमाणस्स जाव एव परूवेमाणस्स एय अट्ठ णो सद्दहइ, णो पत्तियइ, णो रोएइ, एयमट्ठ असद्दहमाणे, अपत्तियमाणे, अरोए-माणे दोच्च पि समणस्स भगवओ महावीरस्स अतियाओ आयाए अवक्कमइ, दोच्च पि आयाए अवक्कमित्ता बहूहि असब्भावुब्भा-वणाहिं मिच्छत्ताभिणिवेसेहि य अप्पाण च परं च तदुभय च वुग्गाहे-माणे, वुप्पाएमाणे बहूइ वासाइ सामण्णपरियाग पाउणइ, पाउणित्ता अद्धमासियाए सलेहणाए अत्ताण झूसेइ, झूसित्ता तीस भत्ताइ अणसणाए छेदेइ, तीस० छेदित्ता तस्स ठाणस्स अणालोइय-अपडिक्कते कालमासे काल किच्चा लतए कप्पे तेरससागरोवम-ठिइएसु देवकिब्विसिएसु देवेसु देवकिब्विसियत्ताए उववण्णे।

कठिन शब्दार्थ-आइक्खमाणस्स-कही गई बात का, असब्भावुब्भावणाहि-असत्य भाव प्रकट करने से, मिच्छत्ताभिणिवेसेहि-मिथ्यात्वाभिनिवेश (असत्य के दृढ आग्रह से) वुग्गाहे-माणे-भ्रान्त करता हुआ, वुप्पाएमाणे-मिथ्याज्ञान वाला करता हुआ, अणालोइय-आलोचना नहीं किया हुआ।

भावार्थ-३५-इसके बाद जमाली अनगार इस प्रकार कहता यावत् प्ररू पणा करता हुआ और श्रमण भगवान महावीर स्वामी की बात पर श्रद्धा, प्रतीति, रुचि नही करता हुआ, अपितु अश्रद्धा, अप्रतीति और अरुचि करता हुआ, दूसरी बार भगवान् के पास से निकल गया। जमाली ने बहुत से असद्भूत भावो को प्रकट करके तथा मिथ्यात्व के अभिनिवेश से अपनी आत्मा को, पर को और उभय को भ्रान्त तथा मिथ्या ज्ञान वाले करता हुआ बहुत वर्षो तक श्रमण पर्याय का पालन किया। फिर अर्द्ध मास की सलेखना द्वारा अपने शरीर को कृश करके और अनशन द्वारा तीस भवतो का छेदन करके, पूर्ववत पाप की आलोचना प्रतिक्रमण किये विना ही काल के समय में काल करके लातक देवलोक में, तेरह सागरोपम की स्थितिवाले किल्विपिक देवो में, किल्विषिक देव रूप से उत्पन्न हुआ।

३६ प्रश्न-तएण भगव गोयमे जमालिं अणगार कालगय जाणित्ता जेणेव समणे भगव महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समण भगव महावीर वदइ णमसइ, वदित्ता णमसित्ता एव वयासी-एव खलु देवाणुप्पियाणं अतेवासी कुसिस्से जमाली णाम अणगारे, से ण भते ! जमाली अणगारे कालमासे काल किच्चा कहिं गए, कहि उववण्णे ?

३६ उत्तर-गोयमाइ ! समणे भगव महावीरे भगव गोयम एव वयासी-एव खलु गोयमा ! मम अतेवासी कुसिस्से जमाली णाम अणगारे से ण तया मम एव आइक्खमाणस्स ४ एय अट्ठ णो सद्दहइ ३, एय अट्ठ असद्दहमाणे ३ दोच्च पि मम अतियाओ

आयाए अवक्कमइ, दोच्च ० अवक्कमित्ता बहूहि असब्भावुब्भा-णाहि त चेव जाव देवकिब्विसियत्ताए उववण्णे ।

कठिन शब्दार्थ–कुसिस्से–कुशिष्य ।

भावार्थ–३६ प्रश्न–जमाली अनगार को कालधम प्राप्त हुआ जानकर गौतम स्वामी ने श्रमण भगवान् महावीर स्वामी को वन्दना नमस्कार कर इस प्रकार पूछा–'हे भगवन् ! आप देवानुप्रिय का अतेवासी कुशिष्य जमाली अन-गार काल के समय काल करके कहाँ गया, कहाँ उत्पन्न हुआ ?'

३६ उत्तर–'हे गौतम ! इस प्रकार सम्बोधित करके श्रमण भगवान् महा-वीर स्वामी ने इस प्रकार कहा–'हे गौतम ! मेरा अन्तेवासी कुशिष्य जो जमाली अनगार था, वह जब मैं इस प्रकार कहता था यावत प्ररूपणा करता था, तब इस प्रकार की यावत् प्ररूपणा करते हुए मेरी बात पर श्रद्धा, प्रतीति, रुचि नही करता हुआ यावत काल के समय काल करके किल्विषिक देवो में उत्पन्न हुआ है ।

किल्विषी देवो का स्वरूप

३७ प्रश्न–कइविहा णं भते ! देवकिब्विसिया पण्णत्ता ?

३७ उत्तर–गोयमा ! तिविहा देवकिब्विसिया पण्णत्ता, त जहा–तिपलिओवमट्ठिइया, तिसागरोवमट्ठिइया, तेरससागरोवमट्ठिइया ।

३८ प्रश्न–कहि ण भते ! तिपलिओवमट्ठिइया देवकिब्विसिया परिवसति ?

३८ उत्तर–गोयमा ! उप्पिं जोइसियाणं हिट्ठिं सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु, एत्थ ण तिपलिओवमट्ठिइया देवकिब्विसिया परिवसति ।

३६ प्रश्न–कहिं णं भते ! तिसागरोवमट्ठिइया देवकिव्विसिया परिवसति ?

३६ उत्तर–गोयमा ! उप्पिं सोहम्मीसाणाणं कप्पाणं, हिट्ठिं सणंकुमारमाहिंदेसु कप्पेसु एत्थ णं तिसागरोवमट्ठिइया देवकिव्विसिया परिवसति ।

४० प्रश्न–कहि णं भते ! तेरससागरोवमट्ठिइया देवकिव्विसिया देवा परिवसति ?

४० उत्तर–गोयमा ! उप्पिं बभलोगस्स कप्पस्स हिट्ठिं लतए कप्पे, एत्थ णं तेरससागरोवमट्ठिईया देवकिव्विसिया देवा परिवसति ।

कठिन शब्दार्थ–उप्पिं–ऊँचा, हिट्ठि–नीचे ।

भावार्थ–३७ प्रश्न–हे भगवन् ! किल्विषिक देव कितने प्रकार के कहे गये है ?

३७ उत्तर–हे गौतम ! किल्विषिक देव तीन प्रकार के कहे गये हैं। यथा–तीन पल्योपम की स्थिति वाले, तीन सागरोपम की स्थिति वाले और तेरह सागरोपम की स्थितिवाले ।

३८ प्रश्न–हे भगवन् ! तीन पल्योपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव कहाँ रहते है ?

३८ उत्तर–हे गौतम ! ज्योतिषी देवो के ऊपर और सौधर्म एव ईशान देवलोक के नीचे तीन पल्योपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव रहते हैं ।

३६ प्रश्न–हे भगवन् ! तीन सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव कहाँ रहते ह ?

३६ उत्तर–हे गौतम ! सौधर्म और ईशान देवलोक के ऊपर तथा

सनत्कुमार और माहेन्द्र देवलोक के नीचे तीन सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव रहते हैं।

४० प्रश्न-हे भगवन् ! तेरह सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव कहाँ रहते ह ?

४० उत्तर-हे गौतम ! ब्रह्म देवलोक के ऊपर और लान्तक देवलोक के नीचे तेरह सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव रहते हैं।

४१ प्रश्न-देवकिब्बिसिया णं भंते ! केसु कम्मादाणेसु देवकिब्बिसियत्ताए उववत्तारो भवंति ?

४१ उत्तर-गोयमा ! जे इमे जीवा आयरियपडिणीया, उवज्झायपडिणीया, कुलपडिणीया, गणपडिणीया, संघपडिणीया, आयरियउवज्झायाणं अयसकरा, अवण्णकरा, अकित्तिकरा, बहूहिं असब्भावुब्भावणाहिं मिच्छत्ताभिणिवेसेहिं य अप्पाणं परं च तदुभयं च वुग्गाहेमाणा, वुप्पाएमाणा बहूइं वासाइं सामण्णपरियागं पाउणंति, पाउणित्ता तस्स ठाणस्स अणालोइयपडिक्कंता कालमासे कालं किच्चा अण्णयरेसु देवकिब्बिसिएसु देवकिब्बिसियत्ताए उववत्तारो भवंति, तं जहा-तिपलिओवमट्ठिइएसु वा, तिसागरोवमट्ठिइएसु वा, तेरससागरोवमट्ठिइएसु वा।

कठिन शब्दार्थ-कम्मादाणेसु-कर्म के कारण, उववत्तारो-उत्पन्न होते, पडिणिया-द्वेषी, अवण्णकरा-निन्दा करने वाले।

भावार्थ-४१ प्रश्न-हे भगवन् किल्विषिक देव किस कर्म के निमित्त से

किल्विषिक देवपने उत्पन्न होते है ?

४१ उत्तर–हे गौतम ! जो जीव आचार्य, उपाध्याय, कुल, गण और सघ के प्रत्यनीक (द्वेषी) होते है, आचार्य और उपाध्याय के अयश करनेवाले, अवर्णवाद वोलने वाले और अकीर्त्ति करने वाले होते है। बहुत असत्य अर्थ को प्रकट करने से, तथा मिथ्या कदाग्रह से अपनी आत्मा को, दूसरो को और उभय को भ्रान्त और दुर्बोध करने वाले जीव, बहुत वर्षो तक श्रमण-पर्याय का पालन कर, अकायस्थान (पापस्थान) की आलोचना और प्रतिक्रमण किये विना, काल के समय काल करके किन्ही किल्विषिक देवो में किल्विषिक देवपने उत्पन्न होते है। वे इस प्रकार है–तीन पल्योपम की स्थिति वाले, तीन सागर की स्थिति वाले और तेरह सागर की स्थिति वाले।

४२ प्रश्न–देवकिव्विसिया णं भंते ! ताओ देवलोगाओ आउक्खएणं, भवक्खएणं, ठिइक्खएणं अणतरं चयं चइत्ता कहिं गच्छंति कहिं उववज्जति ?

४२ उत्तर–गोयमा ! जाव चत्तारि पंच णेरइय-तिरिक्ख-जोणिय-मणुस्स-देवभवग्गहणाइं ससारं अणुपरियट्टित्ता तओ पच्छा सिज्झति, वुज्झति, जाव अतं करेंति, अत्थेगइया अणाईयं अणवदग्गं दीहमद्धं चाउरंतसंसारकंतारं अणुपरियट्टति।

भावार्थ–४२ प्रश्न–हे भगवन् ! वे किल्विषिक देव, आयु, भव और स्थिति का क्षय होने पर उस देवलोक से चवकर कहां जाते है, कहां उत्पन्न होते है ?

४२ उत्तर–हे गौतम ! कुछ किल्विषिक देव नैरयिक, तिर्यंच, मनुष्य और देव के चार, पांच भव करके और इतना ससार परिभ्रमण करके सिद्ध होते है, बुद्ध होते है यावत् समस्त दुःखो का अन्त करते है। और कितने ही

किल्विषिक देव अनादि, अनन्त और दीर्घ मार्ग वाले चार गति रूप ससार कान्तार (ससार रूपी अटवी) में परिभ्रमण करते हैं ।

विवेचन–देवो मे जो देव पाप के कारण चाण्डाल के समान होते हैं, उन्हे 'किल्वि षिक' कहते हैं । अर्थात् जिस प्रकार यहा चाण्डाल अपमानित होता है, उसी प्रकार जो देव, देवसभा मे अपमानित होते हैं, उन्हे 'किल्विषिक' कहते हैं । वे जब सभा मे उठकर कुछ बोलते हैं तो दो चार महर्द्धिक देव खडे होकर कहते है–"बस, मत बोलो, चुप रहो, बैठ जाओ," इत्यादि शब्द कहकर उनका अपमान करते है । कोई उनका आदर सत्कार नही करता ।

प्रश्न ४२ मे यह कहा गया है कि किल्विषी मरकर कहाँ उत्पन्न होते हैं ? इस प्रश्न के उत्तर मे 'नारक, तिर्यञ्च मनुष्य और देव के चार पाच भव ग्रहण करके मोक्ष जाने का कहा गया, यह सामान्य कथन है । अन्यथा देव और नारक मरकर तुरन्त देव और नारक नही होते । वे वहा से मनुष्य या तिर्यञ्च मे उत्पन्न होते हैं । इसके पश्चात नारक या देवो मे उत्पन्न हो सकते हैं ।

जमाली का भविष्य

४३ प्रश्न–जमाली ण भते ! अणगारे अरसाहारे विरसाहारे अताहारे पताहारे लूहाहारे तुच्छाहारे अरसजीवी विरसजीवी जाव तुच्छजीवी उवसतजीवी पसतजीवी विवित्तजीवी ?

४३ उत्तर–हता, गोयमा ! जमाली ण अणगारे अरसाहारे विरसाहारे जाव विवित्तजीवी ।

४४ प्रश्न–जइ ण भते ! जमाली अणगारे अरसाहारे विरसा-हारे जाव विवित्तजीवी, कम्हा ण भते ! जमाली अणगारे कालमासे काल किच्चा लतए कप्पे तेरससागरोवमट्ठिइएसु देवकिब्बिसिएसु

देवेसु देवकिव्विसियत्ताए उववण्णे ?

४४ उत्तर-गोयमा ! जमाली णं अणगारे आयरियपडिणीए, उवज्झायपडिणीए आयरिय-उवज्झायाण अयसकारए, अवण्ण-कारए, जाव वुप्पाएमाणे, जाव बहूइ वासाइ सामण्णपरियाग पाउ-णइ, पाउणित्ता अद्धमासियाए सलेहणाए तीस भत्ताइ अणसणाए छेदेइ, तीस ० छेदित्ता तस्स ठाणस्स अणालोइयपडिक्कते कालमासे काल किच्चा लतए कप्पे जाव उववण्णे ।

४५ प्रश्न-जमाली ण भते ! देवत्ताओ देवलोगाओ आउक्ख-एणं जाव कहिं उववज्जिहिइ ?

४५ उत्तर-गोयमा ! चतारि, पच तिरिक्खजोणिय-मणुस्स-देवभवग्गहणाइ ससार अणुपरियट्टित्ता तओ पच्छा सिज्झिहिइ, जाव अत काहिइ ।

॥ सेव भते ! सेव भते ! त्ति ॥

॥ णवमसए तेत्तीसइमो उद्देसो समत्तो ॥

कठिन शब्दार्थ-अताहारे-खाने के बाद बचा हुआ आहार, पताहारे-तुच्छ आहार, उवसतजीवी-शान्त जीवन वाला, पसतजीवी-प्रशात जीवन वाला, विवित्तजीवी-विविक्त जीवी-स्त्री, पशु, पण्डक रहित स्थान का सेवन करने वाला ।

भावार्थ-४३ प्रश्न-हे भगवन् ! क्या जमाली अनगार अरसाहारी (रस रहित आहार करने वाला), विरसाहारी, अन्ताहारी, प्रान्ताहारी, रूक्षाहारी, तुच्छाहारी, अरसजीवी, विरसजीवी यावत् तुच्छजीवी, उपशान्त जीवन वाला,

प्रशान्त जीवन वाला और विविक्तजीवी (पवित्र और एकान्त जीवन वाला) था ?

४३ उत्तर-हाँ, गौतम ! जमाली अनगार अरसाहारी, विरसाहारी यावत् विविक्तजीवी था ।

४४ प्रश्न-हे भगवन् ! यदि जमाली अनगार अरसाहारी, विरसाहारी यावत् विविक्तजीवी था, तो काल के समय काल करके वह लान्तक देवलोक में तेरह सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देवो में किल्विषिक देवपने क्यो उत्पन्न हुआ ?

४४ उत्तर-हे गौतम ! वह जमाली अनगार, आचार्य और उपाध्याय का प्रत्यनीक (द्वेषी) था । आचार्य और उपाध्याय का अपयश करने वाला और अवणवाद बोलने वाला था, यावत वह मिथ्याभिनिवेश द्वारा अपने आपको, दूसरो को और उभय को भ्रान्त और दुर्बोध करता था यावत बहुत वर्षो तक श्रमण-पर्याय का पालन कर, अधमासिक सलेखना द्वारा शरीर को कृश कर और तीस भक्त अनशन का छेदन कर, उस पापस्थानक की आलोचना और प्रतिक्रमण किये बिना काल के समय काल कर, लान्तक देवलोक में, तेरह सागरोपम की स्थितिवाले किल्विषिक देवो में किल्विषिक देव रूप से उत्पन्न हुआ ।

४५ प्रश्न-हे भगवन ! वह जमाली देव, देवपन और देवलोक से अपनी आयु क्षय होने पर यावत कहाँ उत्पन्न होगा ?

४५ उत्तर-हे गौतम ! तिर्यंच योनिक, मनुष्य और देव के चार पाच भव करके और इतना ससार परिभ्रमण करके सिद्ध होगा, बुद्ध होगा यावत समस्त दु खो का अन्त करेगा ।

हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है । हे भगवन ! यह इसी प्रकार है । ऐसा कहकर गौतम स्वामी यावत विचरते है ।

विवेचन-यद्यपि जमाली अनगार अरसाहारी विरसाहारी आदि था, कितु आचाय उपाध्याय का प्रत्यनीक होने से तथा असद्भावना और मिथ्यात्व के अभिनिवेश के कारण झूठी प्ररूपणा द्वारा स्वय तथा दूसरों को भ्रान्त करने से एव उस पाप स्थान की आलोचना

और प्रतिक्रमण किये बिना ही काल करने के कारण किल्विषिक देवों मे उत्पन्न हुआ । वहाँ से चवकर तिर्यञ्च, मनुष्य और देव के चार पाच भव कर के सिद्ध, बुद्ध यावत् मुक्त होगा ।

॥ नौवे शतक का तेतीसवॉ उद्देशक सम्पूर्ण ॥

शतक ९ उद्देशक ३४

पुरुष और नोपुरुष का घातक

१ प्रश्न–तेणं कालेण तेण समएणं रायगिहे जाव एव वयासी–पुरिसे ण भते ! पुरिस हणमाणे किं पुरिस हणइ, णोपुरिस हणइ ?

१ उत्तर–गोयमा ! पुरिस पि हणइ, णोपुरिसे वि हणइ ।

प्रश्न–से केणट्ठेण भते ! एव वुच्चइ–पुरिस पि हणइ, जाव णोपुरिसे वि हणइ ?

उत्तर–गोयमा ! तस्स ण एव भवइ–एव खलु अह एगपुरिस हणामि से ण एग पुरिस हणमाणे अणेगे जीवे हणइ, से तेणट्ठेणं गोयमा ! एव वुच्चइ–पुरिस पि हणइ, जाव णोपुरिसे वि हणइ ।

२ प्रश्न–पुरिसे ण भते ! आस हणमाणे किं आस हणइ, णोआसे वि हणइ ?

२ उत्तर-गोयमा ! आसं पि हणइ, णोआसे वि हणइ ।

प्रश्न-से केणट्ठेणं ?

उत्तर-अट्ठो तहेव, एवं हत्थि, सीहं, वग्घं जाव चित्तलगं । एए सव्वे इक्कगमा ।

३ प्रश्न-पुरिसे णं भंते ! अण्णयरं तसं पाणं हणमाणे किं अण्णयरं तसं पाणं हणइ, णोअण्णयरे तसे पाणे हणइ ?

३ उत्तर-गोयमा ! अण्णयरं पि तसं पाणं हणइ, णोअण्णयरे वि तसे पाणे हणइ ।

प्रश्न-से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ-अण्णयरं पि तसं पाणं, णोअण्णयरे वि तसे पाणे हणइ ।

उत्तर-गोयमा ! तस्स णं एवं भवइ एवं खलु अहं एगं अण्णयरं तसं पाणं हणामि, से णं एगं अण्णयरं तसं पाणं हणमाणे अणेगे जीवे हणइ, से तेणट्ठेणं गोयमा ! तं चेव । एए सव्वे वि एक्कगमा ।

कठिन शब्दार्थ-आसं-घोडे को, चित्तलग-चित्रल-एक जंगली जानवर विशेष, इक्कगमा-एक समान पाठ ।

भावार्थ-१ प्रश्न-उस काल उस समय में राजगृह नगर था । वहाँ गौतम स्वामी ने भगवान् से इस प्रकार पूछा-"हे भगवन् ! कोई पुरुष, पुरुष की घात करता हुआ, क्या पुरुष की ही घात करता है, अथवा नोपुरुष (पुरुष के सिवाय दूसरे जीवों) की घात करता है ?

१ उत्तर-हे गौतम ! वह पुरुष की भी घात करता है और नोपुरुष की भी।

प्रश्न-हे भगवन् ! इसका क्या कारण है ?

उत्तर-हे गौतम ! घात करने वाले उस पुरुष के मन में इस प्रकार का विचार होता है कि 'मैं एक पुरुष को मारता हूँ,' परन्तु वह एक पुरुष को मारता हुआ दूसरे अनेक जीवों को भी मारता है। इसलिये हे गौतम ! यह कहा गया है कि-'वह पुरुष को भी मारता है और नोपुरुष को भी मारता है।'

२ प्रश्न-हे भगवन् ! अश्व को मारता हुआ कोई पुरुष, अश्व को मारता है, या नोअश्व को ?

२ उत्तर-हे गौतम ! वह अश्व को भी मारता है और नोअश्व (अश्व के सिवाय दूसरे जीवों) को भी मारता है।

प्रश्न-हे भगवन् ! इसका क्या कारण है ?

उत्तर-हे गौतम ! इसका उत्तर पूर्ववत् जानना चाहिये। इसी प्रकार हाथी, सिंह, व्याघ्र यावत् चित्रल तक जानना चाहिए। इन सभी के लिये एक समान पाठ है।

३ प्रश्न-हे भगवन् ! कोई पुरुष किसी एक त्रस जीव को मारता हुआ वह उस त्रस जीव को मारता है, या उसके सिवाय दूसरे त्रस जीवों को भी मारता है ?

३ उत्तर-हे गौतम ! वह उस त्रस जीव को भी मारता है और उसके सिवाय दूसरे त्रस जीवों को भी मारता है।

प्रश्न-हे भगवन् ! इसका क्या कारण है ?

उत्तर-हे गौतम ! उस त्रस जीव को मारनेवाले पुरुष के मन में ऐसा विचार होता है कि-'मैं इस त्रस जीव को मारता हूँ,' परन्तु वह उस त्रस जीव को मारता हुआ उसके सिवाय दूसरे अनेक त्रस जीवों को भी मारता है, इसलिये हे गौतम ! पूर्वोक्त रूप से जानना चाहिये। इन सभी का एक समान पाठ है।

ऋषि-घातक अनंत जीवो का घातक

४ प्रश्न-पुरिसे णं भते ! इसि हणमाणे किं इसिं हणइ, णोइसिं हणइ ?

४ उत्तर-गोयमा ! इसि पि हणइ णोइसिं पि हणइ ।

प्रश्न-से केणट्ठेणं भते ! एव वुच्चइ-जाव णोइसिं पि हणइ ?

उत्तर-गोयमा ! तस्स णं एव भवइ-एव खलु अह एग इसिं हणामि, से णं एग इसि हणमाणे अणंते जीवे हणइ, से तेणट्ठेण णिक्खेवो ।

५ प्रश्न-पुरिसे णं भते ! पुरिस हणमाणे कि पुरिसवेरेणं पुट्ठे, णोपुरिसवेरेणं पुट्ठे ?

५ उत्तर-गोयमा ! णियम ताव पुरिसवेरेण पुट्ठे, अहवा पुरिस-वेरेण य णोपुरिसवेरेण य पुट्ठे, अहवा पुरिसवेरेण य णोपुरिसवेरेहि य पुट्ठे, एव आस, एव जाव चित्तलग, जाव अहवा चित्तलावेरेण य णोचित्तलावेरेहि य पुट्ठे ।

६ प्रश्न-पुरिसे ण भते ! इसिं हणमाणे कि इसिवेरेण पुट्ठे, णोइसिवेरेणं पुट्ठे ?

६ उत्तर-गोयमा ! णियम ताव इसिवेरेण य णोइसिवेरेहि य पुट्ठे ।

कठिन शब्दार्थ–इसि–ऋषि, पुट्ठे–स्पर्श करता है (बन्धता है), णिक्खेवो–उपसंहार।

भावार्थ–४ प्रश्न–हे भगवन् ! कोई पुरुष, ऋषि को मारता हुआ ऋषि को ही मारता है, या नोऋषि (ऋषि के सिवाय दूसरे जीवो) को भी मारता है ?

४ उत्तर–हे गौतम ! वह ऋषि को भी मारता है और नोऋषि को भी।

प्रश्न–हे भगवन् ! इसका क्या कारण है ?

उत्तर–हे गौतम ! उस मारने वाले पुरुष के मन में ऐसा विचार होता है कि 'मैं एक ऋषि को मारता हूँ,' परन्तु वह एक ऋषि को मारता हुआ अनन्त जीवो को मारता है। इस कारण पूर्वोक्त रूप से कहा गया है।

५ प्रश्न–हे भगवन ! पुरुष को मारता हुआ कोई व्यक्ति, क्या पुरुष वैर से स्पृष्ट होता है, या नोपुरुषवैर से ?

५ उत्तर–हे गौतम ! वह नियम से (निश्चित रूप से) पुरुष वैर से स्पृष्ट होता है। (१) अथवा पुरुष वैर से और नोपुरुष वैर से स्पृष्ट होता है। (२) अथवा पुरुषवैर से और नोपुरुष-वैरो से स्पृष्ट होता है। इसी प्रकार अश्व के विषय में यावत् चित्रल के विषय में भी जानना चाहिये। यावत् अथवा चित्रल वैर से और नोचित्रल-वैरो से स्पृष्ट होता है।

६ प्रश्न–हे भगवन् ! ऋषि को मारता हुआ कोई पुरुष, क्या ऋषि वैर से स्पृष्ट होता है, या नोऋषि वैर से स्पृष्ट होता है ?

६ उत्तर–हे गौतम ! वह नियम से ऋषि-वैर से और नोऋषि-वैरो से स्पृष्ट होता है।

विवेचन–कोई पुरुष किसी पुरुष को मारता है तो कभी केवल वह उसी का वध करता है, कभी उसके साथ दूसरे एक जीव का भी वध करता है और कभी उसके साथ अन्य अनेक जीवो का वध भी करता है। इस प्रकार तीन भग बनते हैं।

ऋषि की घात करता हुआ पुरुष, अन्य अनन्त जीवों की घात करता है। यह एक ही भग बनता है। क्योंकि ऋषि की घात करने मे अनन्त जीवो की घात होती है। इसका

कारण यह है कि ऋषि अवस्था मे वह सब विरत है। इसलिये अनन्त जीवो का रक्षक है। मर जाने के पश्चात वह अविरत हो जाता है। अविरत होकर वह अनन्त जीवो का घातक बनता है। इसलिये ऋषि की घात करनेवाला पुरुष, अन्य अनन्त जीवो का भी घातक होता है। अथवा जीवित रहता हुआ ऋषि, बहुत से प्राणियो को प्रतिबोध देता है। प्रतिबोध प्राप्त वे प्राणी क्रमश मोक्ष को प्राप्त होते है और मुक्त जीव अनन्त ससारी प्राणियो के अघातक होते है। इसलिये उन अनन्त जीवो की रक्षा मे ऋषि कारण है। इसलिये ऋषि की घात करने वाला पुरुष, अन्य अनन्त जीवो की भी घात करता है।

पुरुष को मारने वाला व्यक्ति नियम से पुरुष-वध के पाप से स्पृष्ट होता है। यह पहला भग है। उस पुरुष को मारते हुए यदि किसी दूसरे एक प्राणी की घात करता है, तो वह एक पुरुष वैर से और एक नोपुरुष वैर से स्पष्ट होता है। यह दूसरा भग है। यदि उस एक पुरुष की घात करते हुए अन्य अनेक प्राणियो की घात करता है, तो वह एक पुरुष वर से और बहुत नोपुरुष वैरो से' स्पृष्ट होता है। यह तीसरा भग है। हस्ती, अश्व आदि के वध मे भी सवत्र ये तीन भग पाये जाते हैं किन्तु ऋषि घात मे केवल एक तीसरा भग ही पाया जाता है।

शका—जो ऋषि मरकर मोक्ष मे चला जाता है, वह वहा अविरत नही बनता, इसलिये उस ऋषि की घात करने से वह घातक पुरुष, केवल ऋषि वर से ही स्पष्ट होता है। इसलिये प्रथम भग बन सकता है। तब तीसरा भग ही क्यो कहा गया ? यदि कोई इसका यह समाधान दे कि चरम शरीरी जीव तो निरुपक्रम आयुष्यवाला होता है, इसलिये उसकी घात नही हो सकती। अत अचरम शरीरी ऋषि की अपेक्षा केवल तीसरा भग ही बनता है, प्रथम भग नही, तो यह समाधान भी ठीक नही, क्योकि यद्यपि चरम शरीरी जीव निरुपक्रम आयुष्य वाला होता है, तथापि उसके वध के लिये प्रवृत्ति करनेवाले पुरुष को उसकी हिंसा का पाप लगता ही है और वह ऋषि वैर से स्पष्ट होता है। इस प्रकार प्रथम भग बन सकता है, तब केवल तीसरा भग ही कहने का क्या कारण है ?

समाधान—यद्यपि शङ्काकार का कथन ठीक है, तथापि जिस सोपक्रम आयुष्यवाले ऋषि का पुरुष कृत वध होता है, उसकी अपेक्षा से यह सूत्र कहा गया है। इसलिये तीसरा भग ही कहा गया है।

एकेन्द्रिय जीव और श्वासोच्छ्वास

७ प्रश्न–पुढविक्काइए ण भते ! पुढविक्काइय चेव आणमइ वा, पाणमइ वा, ऊसमइ वा, णीससइ वा ?

७ उत्तर–हता, गोयमा ! पुढविक्काइए पुढविक्काइय चेव आणमइ वा जाव णीससइ वा ।

८ प्रश्न–पुढविक्काइए ण भते ! आउक्काइय आणमइ, जाव णीससइ वा ?

८ उत्तर–हता, गोयमा ! पुढविक्काइए चेव आउक्काइय आणमइ, जाव णीससइ वा, एव तेउक्काइय, वाउक्काइय एव वणस्सइकाइय ।

९ प्रश्न–आउक्काइए ण भते ! पुढविक्काइय आणमइ वा, पाणमइ वा ?

९ उत्तर–एव चेव ।

१० प्रश्न–आउक्काइए णं भते ! आउक्काइय चेव आणमइ वा ?

१० उत्तर–एव चेव एव तेउ-वाउ-वणस्सइकाय ।

११ प्रश्न–तेउक्काइए णं भते ! पुढविक्काइय आणमइ वा ?

११ उत्तर–एव ।

प्रश्न–जाव वणस्सइकाइए णं भंते ! वणस्सइकाइयं चेव आणमइ वा ?

उत्तर–तहेव ।

१२ प्रश्न–पुढविक्काइए णं भंते ! पुढविक्काइयं चेव आणममाणे वा, पाणममाणे वा, ऊससमाणे वा, णीससमाणे वा कइकिरिए ?

१२ उत्तर–गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए ।

१३ प्रश्न–पुढविक्काइए णं भंते ! आउक्काइयं आणममाणे वा ?

१३ उत्तर–एवं चेव, एवं जाव वणस्सइकाइयं, एवं आउक्काइएण वि सव्वे वि भाणियव्वा, एवं तेउक्काइएण वि, एवं वाउक्काइएण वि । जाव (प्रश्न) वणस्सइकाइए णं भंते ! वणस्सइकाइयं चेव आणममाणे वा–पुच्छा । (उत्तर) गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए ।

१४ प्रश्न–वाउक्काइए णं भंते ! रुक्खस्स मूलं पचालेमाणे वा पवाडेमाणे वा कइकिरिए ?

१४ उत्तर–गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए; एवं कंदं एवं जाव (प्रश्न) बीयं पचालेमाणे वा पुच्छा ?

(उत्तर) गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए ।

॥ सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति ॥

॥ णवमसए चोत्तीसइमो उद्देसो समत्तो ॥

॥ णवम सय समत्त ॥

कठिन शब्दार्थ–आणमइ वा पाणमइ वा–श्वासोच्छ्वास के रूप में, पचालेमाणे–कम्पाता हुआ, पवाडेमाणे–गिराता हुआ ।

भावार्थ–७ प्रश्न–हे भगवन् ! पृथ्वीकायिक जीव, पृथ्वीकायिक जीवो को आभ्यन्तर और बाहरी श्वासोच्छ्वास के रूप में ग्रहण करते है और छोडते है ?

७ उत्तर–हां, गौतम ! पृथ्वीकायिक जीव, पृथ्वीकायिक जीवो को आभ्यन्तर और बाहरी श्वासोच्छ्वास के रूप में ग्रहण करते हैं और छोडते हैं ।

८ प्रश्न–हे भगवन् ! पृथ्वीकायिक जीव, अप्कायिक जीवो को आभ्यन्तर और बाहरी श्वासोच्छ्वास के रूप में ग्रहण करते और छोडते है ?

८ उत्तर–हां, गौतम ! पृथ्वीकायिक जीव, अप्कायिक जीवो को यावत् ग्रहण करते और छोडते हैं । इसी प्रकार अग्निकायिक, वायुकायिक और वनस्पतिकायिक जीवो को भी यावत् ग्रहण करते और छोडते है ।

९ प्रश्न–हे भगवन् ! अप्कायिक जीव, पृथ्वीकायिक जीवों को आभ्यन्तर और बाहरी श्वासोच्छ्वास के रूप में ग्रहण करते और छोडते है ?

९ उत्तर–हां, गौतम ! पूर्वोक्त रूप से जानना चाहिये ।

१० प्रश्न–हे भगवन् ! अप्कायिक जीव, अप्कायिक जीवो को आभ्यन्तर और बाहरी श्वासोच्छ्वास के रूप में ग्रहण करते और छोडते है ?

१० उत्तर–हां, गौतम ! पूर्वोक्त रूप से जानना चाहिये । इसी प्रकार तेउकाय, वायुकाय और वनस्पतिकाय के विषय में भी जानना चाहिये ।

११ प्रश्न–हे भगवन् ! तेजस्कायिक जीव, पृथ्वीकायिक जीवो को आभ्यन्तर और बाहरी श्वासोच्छवास के रूप में ग्रहण करते हैं ?

११ उत्तर–हाँ, गौतम ! पूर्वोक्त रूप से जानना चाहिये ।

प्रश्न–यावत् हे भगवन् ! वनस्पतिकायिक जीव वनस्पतिकायिक जीवो को आभ्यन्तर और बाहरी श्वासोच्छ्वास के रूप में ग्रहण करते और छोडते हैं ?

उत्तर–हाँ, गौतम ! पूर्वोक्त रूप से जानना चाहिये ।

१२ प्रश्न–हे भगवन् ! पृथ्वीकायिक जीव, पृथ्वीकायिक जीवो को आभ्यन्तर और बाहरी श्वासोच्छ्वास के रूप में ग्रहण करते हुए और छोडते हुए कितनी क्रिया वाले होते हैं ?

१२ उत्तर–हे गौतम ! कदाचित तीन क्रिया वाले, कदाचित चार क्रिया वाले और कदाचित् पांच क्रिया वाले होते हैं ।

१३ प्रश्न–हे भगवन ! पृथ्वीकायिक जीव, अप्कायिक जीवो को आभ्यन्तर और बाहरी श्वासोच्छ्वास के रूप में ग्रहण करते और छोडते हुए कितनी क्रिया वाले होते हैं ?

१३ उत्तर–हे गौतम ! पूर्वोक्त रूप से जानना चाहिये । इसी प्रकार तेजस्कायिक, वायुकायिक और वनस्पतिकायिक के साथ भी कहना चाहिये । इसी प्रकार अप्कायिक जीवो के साथ पृथ्वीकायिक आदि सभी का कथन करना चाहिये । इसी प्रकार तेजस्कायिक और वायुकायिक जीवो के साथ पृथ्वीकायिकादि का कथन करना चाहिए । यावत (प्रश्न) हे भगवन ! वनस्पति कायिक जीव, वनस्पतिकायिक जीवो को आभ्यन्तर और बाहरी श्वासोच्छवास के रूप में ग्रहण करते हुए और छोडते हुए कितनी क्रियावाले होते हैं ? (उत्तर) हे गौतम ! कदाचित् तीन क्रिया वाले, कदाचित चार क्रियावाले और कदाचित पाच क्रिया वाले होते हैं ।

१४ प्रश्न–हे भगवन् ! वायुकायिक जीव, वृक्ष के मूल को कम्पाते हुए और गिराते हुए कितनी क्रिया वाले होते हैं ?

१४ उत्तर-हे गौतम ! कदाचित् तीन क्रिया वाले, कदाचित् चार क्रिया वाले और कदाचित् पाच क्रिया वाले होते हैं। इसी प्रकार यावत् कन्द तक जानना चाहिये। इसी प्रकार यावत् (प्रश्न) बीज को कम्पाने आदि के सम्बन्ध में प्रश्न। (उत्तर) हे गौतम ! कदाचित् तीन क्रिया वाले, कदाचित् चार क्रिया वाले और कदाचित् पाच क्रिया वाले होते हैं।

हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है। हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है-ऐसा कहकर गौतम स्वामी यावत् विचरते हैं।

विवेचन-पृथ्वीकायिक जीव पृथ्वीकायिक, अप्कायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक और वनस्पतिकायिक जीवो को श्वासोच्छ्वास रूप मे ग्रहण करते हैं और छोडते हैं। इसी प्रकार अप्कायिक आदि चारो स्थावर जीव भी पृथ्वीकायिक आदि पाचो स्थावर जीवो को श्वासोच्छ्वास रूप मे ग्रहण करते हैं और छोडते हैं। इन पाचो के ये पच्चीस सूत्र होते हैं और इनके क्रिया सम्बन्धी भी पच्चीस सूत्र होते हैं।

पृथ्वीकायिकादि जीव, पृथ्वीकायिकादि जीवो को श्वासोच्छ्वास रूप से ग्रहण करते हुए और छोडते हुए जब तक उनको पीडा उत्पन्न नही करते, तब तक कायिकादि तीन क्रियाएँ लगती हैं। जब पीडा उत्पन्न करते हैं तब पारितापनिकी सहित चार क्रियाएँ लगती हैं और जब उन जीवो की घात करते हैं, तब प्राणातिपातिकी सहित पाच क्रियाएँ लगती हैं।

वायुकायिक जीव, वृक्ष के मूल को तब कम्पित और पतन कर सकते हैं जब कि वृक्ष नदी के किनारे पर हो और उसका मूल पृथ्वी से ढका हुआ न हो।

॥ नौवे शतक का चोतीसवाँ उद्देशक समाप्त ॥

॥ नौवा शतक सम्पूर्ण ॥

शतक १०

१ गाहा—

१ दिसि २ संवुडअणगारे ३ आयट्ठी ४ सामहत्थि ५ देवि ६ सभा ।
७-३४ उत्तरअतरदीवा दसमम्मि सयम्मि चउत्तीसा ॥

कठिन शब्दार्थ—संवुडअणगारे—संवृत अनगार ।

भावार्थ—१ इस शतक के चौंतीस उद्देशक इस प्रकार है,—(१) दिशा के सम्बन्ध में पहला उद्देशक है, (२) संवृत अनगारादि के विषय में दूसरा उद्देशक है, (३) देवावासो को उल्लघन करने में देवो की आत्मऋद्धि (स्वशक्ति) के विषय में तीसरा उद्देशक है, (४) श्रमण भगवान् महावीर स्वामी के श्याम हस्ती नामक शिष्य के प्रश्नो के सम्बन्ध में चौथा उद्देशक है (५) चमर आदि इन्द्रो की अग्रमहिषियो के सम्बन्ध में पाचवाँ उद्देशक है (६) सुधर्मा सभा के विषय में छठा उद्देशक है (७-३४) उत्तर दिशा के अट्ठाईस अन्तरद्वीपो के विषय में सातवे से लेकर चौतीसवे तक अट्ठाईस उद्देशक है ।

उद्देशक १

दिशाओ का स्वरूप

२ प्रश्न–रायांगहे जाव एव वयासी–किमिय भते ! 'पाईणा' ति पवुच्चइ ?

२ उत्तर–गोयमा ! जीवा चेव अजीवा चेव ।

३ प्रश्न–किमिय भते ! 'पडीणा' ति पवुच्चइ ?

३ उत्तर–गोयमा ! एव चेव, एव दाहिणा एवं उदीणा एवं उड्ढा एव अहो वि ।

४ प्रश्न–कइ णं भते ! दिसाओ पण्णत्ताओ ?

४ उत्तर–गोयमा ! दस दिसाओ पण्णत्ताओ, त जहा– १ पुरत्थिमा, २ पुरत्थिमदाहिणा, ३ दाहिणा, ४ दाहिणपच्चत्थिमा ५ पच्चत्थिमा, ६ पच्चत्थिमुत्तरा, ७ उत्तरा, ८ उत्तरपुरत्थिमा, ९ उड्ढा, १० अहो ।

५ प्रश्न–एयासि णं भते ! दसण्ह दिसाण कइ णामधेज्जा पण्णत्ता ?

५ उत्तर–गोयमा ! दस णामधेज्जा पण्णत्ता, त जहा–
१-इदा २-अग्गेयी ३ जमा य ४ णेरई ५ वारुणी य ६ वायव्वा ।
७ सोमा ८ ईसाणी य ९ विमला य १० तमा य बोद्धव्वा ।

कठिन शब्दार्थ--किमिय-किम-क्या इय-यह, पाईणा-पूव दिशा, पवुच्चई-कहलाती है, पडिणा-पश्चिम दिशा, दाहिणा-दक्षिण दिशा, उदीणा-उत्तर दिशा, पुरत्थिमा-पूव दिशा, पच्चत्थिमा-पश्चिम दिशा, एयासिणे-इन, जमा-याम्या (दक्षिण) दिशा, सोमा-उत्तर, विमला-ऊर्द्ध दिशा, तमा-अधो दिशा ।

भावार्थ-२ प्रश्न-राजगृह नगर में गौतम स्वामी ने यावत् इस प्रकार पूछा-हे भगवन् ! यह पूर्व दिशा क्या कहलाती है ?

२ उत्तर-हे गौतम ! यह जीव रूप भी कहलाती है और अजीव रूप भी कहलाती है ।

३ प्रश्न-हे भगवन् ! यह पश्चिम दिशा क्या कहलाती है ?

३ उत्तर-हे गौतम ! पूर्व दिशा के समान जानना चाहिये । इसी प्रकार दक्षिण दिशा, उत्तर दिशा, ऊर्ध्व दिशा और अधो दिशा के विषय में भी जानना चाहिये ।

४ प्रश्न-हे भगवन् ! दिशाएँ कितनी कही गई हैं ?

४ उत्तर-हे गौतम ! दिशाएँ दस कही गई हैं । यथा-१ पूर्व, २ पूर्व-दक्षिण (आग्नेय कोण), ३ दक्षिण, ४ दक्षिणपश्चिम (नैऋत्य कोण), ५ पश्चिम, ६ पश्चिमोत्तर (वायव्य कोण) ७ उत्तर, ८ उत्तरपूर्व (ईशान कोण) ९ ऊर्ध्व दिशा और १० अधो दिशा ।

५ प्रश्न-हे भगवन् ! इन दस दिशाओं के कितने नाम कहे गये हैं ?

५ उत्तर-हे गौतम ! दस नाम कहे गये हैं । यथा-१ ऐन्द्री (पूर्व), २ आग्नेयी (अग्नि कोण) ३ याम्या (दक्षिण), ४ नैर्ऋती (नैर्ऋत्य कोण) ५ वारुणी (पश्चिम), ६ वायव्य (वायव्य कोण) ७ सौम्या (उत्तर) ८ ऐशानी (ईशान कोण), ९ विमला (ऊर्ध्वदिशा) १० तमा (अधो दिशा) ।

६ प्रश्न-इंदा ण भंते ! दिसा किं-१ जीवा, २ जीवदेसा, ३ जीवपएसा, ४ अजीवा, ५ अजीवदेसा, ६ अजीवपएसा ?

६ उत्तर-गोयमा ! जीवा वि, त चेव जाव अजीवपएसा वि। जे जीवा ते णियमा एगिंदिया, बेइंदिया, जाव पचिदिया, अणिंदिया। जे जीवदेसा ते णियमा एगिंदियदेसा, जाव अणिंदियदेसा। जे जीवपएसा ते एगिदियपएसा बेइंदियपएसा, जाव अणिंदियपएसा। जे अजीवा ते दुविहा पण्णत्ता, त जहा-रूवि अजीवा य अरूविअजीवा य। जे रूविअजीवा ते चउव्विहा पण्णत्ता, त जहा-खधा, खधदेसा, खधपएसा, परमाणुपोग्गला। जे अरूविअजीवा ते सत्तविहा पण्णत्ता, त जहा-१ णोधम्मत्थिकाए धम्मत्थिकायस्स देसे, २ धम्मत्थिकायस्स पएसा, ३ णोअधम्मत्थिकाए अधम्मत्थिकायस्स देसे, ४ अधम्मत्थिकायस्स पएसा, ५ णोआगासत्थिकाए आगासत्थिकायस्स देसे, ६ आगासत्थिकायस्स पएसा, ७ अद्धासमए।

७ प्रश्न-अग्गेयी णं भते ! दिसा कि जीवा, जीवदेसा, जीवपएसा-पुच्छा।

७ उत्तर-गोयमा ! १ णोजीवा जीवदेसा वि, २ जीवपएसा वि १ अजीवा वि, २ अजीवदेसा वि, ३ अजीवपएसा वि। जे जीवदेसा ते णियमा एगिदियदेसा। १ अहवा एगिदियदेसा य बेइंदियस्स देसे, २ अहवा एगिदियदेसा य बेइंदियस्स देसा य, ३ अहवा एगिदियदेसा य बेइंदियाण य देसा। १ अहवा एगिं-

कठिन शब्दार्थ–किमिय–किम्–क्या इय–यह, पाईणा–पूर्व दिशा, पवुच्चई–कहलाती है, पडिणा–पश्चिम दिशा, दाहिणा–दक्षिण दिशा, उदीणा–उत्तर दिशा, पुरत्थिमा–पूर्व दिशा, पच्चत्थिमा–पश्चिम दिशा, एयासिणे–इन, जमा–याम्या (दक्षिण) दिशा, सोमा–उत्तर, विमला–ऊर्द्ध दिशा, तमा–अधो दिशा ।

भावार्थ–२ प्रश्न–राजगृह नगर में गौतम स्वामी ने यावत् इस प्रकार पूछा–हे भगवन् ! यह पूर्व दिशा क्या कहलाती है ?

२ उत्तर–हे गौतम ! यह जीव रूप भी कहलाती है और अजीव रूप भी कहलाती है ।

३ प्रश्न–हे भगवन् ! यह पश्चिम दिशा क्या कहलाती है ?

३ उत्तर–हे गौतम ! पूर्व दिशा के समान जानना चाहिये । इसी प्रकार दक्षिण दिशा, उत्तर दिशा, ऊर्ध्व दिशा और अधो दिशा के विषय में भी जानना चाहिये ।

४ प्रश्न–हे भगवन् ! दिशाएँ कितनी कही गई हैं ?

४ उत्तर–हे गौतम ! दिशाएँ दस कही गई हैं । यथा–१ पूर्व, २ पूर्व-दक्षिण (आग्नेय कोण), ३ दक्षिण, ४ दक्षिणपश्चिम (नैऋत्य कोण), ५ पश्चिम, ६ पश्चिमोत्तर (वायव्य कोण) ७ उत्तर, ८ उत्तरपूर्व (ईशान कोण) ९ ऊर्ध्व दिशा और १० अधो दिशा ।

५ प्रश्न–हे भगवन् ! इन दस दिशाओ के कितने नाम कहे गये हैं ?

५ उत्तर–हे गौतम ! दस नाम कहे गये हैं । यथा–१ ऐन्द्री (पूर्व), २ आग्नेयी (अग्नि कोण) ३ याम्या (दक्षिण), ४ नैर्ऋती (नैर्ऋत्य कोण) ५ वारुणी (पश्चिम), ६ वायव्य (वायव्य कोण) ७ सौम्या (उत्तर) ८ ऐशानी (ईशान कोण), ९ विमला (ऊर्ध्वदिशा) १० तमा (अधो दिशा) ।

६ प्रश्न–इंदा णं भंते ! दिसा किं–१ जीवा, २ जीवदेसा, ३ जीवपएसा, ४ अजीवा, ५ अजीवदेसा, ६ अजीवपएसा ?

भावार्थ-६ प्रश्न-हे भगवन ! ऐन्द्री (पूर्व) दिशा-१ जीव रूप है, २ जीव के देश रूप है, ३ जीव के प्रदेश रूप है, अथवा ४ अजीव रूप है, ५ अजीव के देश रूप है, ६ या अजीव के प्रदेश रूप है ?

६ उत्तर-हे गौतम ! ऐन्द्री दिशा जीव रूप भी है, इत्यादि पूर्वोक्त रूप से जानना चाहिये, यावत् वह अजीव प्रदेश रूप भी है। उसमें जो जीव है वे एकेन्द्रिय, बेइन्द्रिय यावत पचेन्द्रिय तथा अनिन्द्रिय (केवलज्ञानी) है। जो जीव के देश है, वे एकेन्द्रिय जीव के देश है यावत अनिन्द्रिय जीव के देश है। जो जीव प्रदेश है, वे नियमत एकेन्द्रिय जीव के प्रदेश है, बेइन्द्रिय जीव के प्रदेश है यावत् अनिन्द्रिय जीव के प्रदेश है। जो अजीव है, वे दो प्रकार के है। यथा-रूपी अजीव और अरूपी अजीव। रूपी अजीवो के चार भेद है। यथा-स्कन्ध, स्कन्ध देश, स्कन्ध प्रदेश और परमाणु पुदगल। अरूपी अजीवो के सात भेद है। यथा-१ स्कन्ध रूप धर्मास्तिकाय नहीं, किन्तु धर्मास्तिकाय का देश है। २ धर्मास्तिकाय के प्रदेश है। ३ अधर्मास्तिकाय नहीं, किन्तु अधर्मास्तिकाय का देश है। ४ अधर्मास्तिकाय के प्रदेश है। ५ आकाशास्तिकाय नहीं, किन्तु आकाशास्तिकाय का एक देश है। ६ आकाशास्तिकाय के प्रदेश है। ७ अद्धासमय अर्थात काल है।

७ प्रश्न-हे भगवन ! आग्नेयी दिशा क्या जीव रूप है, जीव देश रूप है, जीव प्रदेश रूप है, इत्यादि प्रश्न।

७ उत्तर-हे गौतम ! १ जीव नहीं, किन्तु जीव केदे श, २ जीव के प्रदेश, ३ अजीव, ४ अजीव के देश और ५ अजीव प्रदेश भी है। जीव के जो देश है, वे नियम से एकेन्द्रियो के देश है अथवा एकेन्द्रियो के बहुत देश और बेइन्द्रिय का एक देश है। अथवा एकेन्द्रियो के बहुत देश और बेइन्द्रिय के बहुत देश है। अथवा एकेन्द्रियो के बहुत देश और बहुत बेइन्द्रियो के बहुत देश। अथवा एकेन्द्रियो के बहुत देश और एक तेइन्द्रिय का एक देश। इस प्रकार तीन भग तेइन्द्रिय के साथ कहना चाहिये। इसी प्रकार यावत् अनिन्द्रिय तक के भी तीन-तीन भग

दियदेसा य तेइदियस्स देसे य। एव चेव तियभगो भाणियव्वो। एव जाव अणिदियाणं तियभगो। जे जीवपएसा ते णियमा एगिंदियपएसा। अहवा एगिदियपएसा य वेइदियस्स पएसा, अहवा एगिदियपएसा य वेइदियाण य पएसा। एवं आइल्लविरहिओ जाव अणिदियाणं। जे अजीवा ते दुविहा पण्णत्ता, त जहा–रूविअजीवा य अरूविअजीवा य। जे अरूविअजीवा ते चउव्विहा पण्णत्ता, त जहा–खधा, जाव परमाणुपोग्गला। जे अरूविअजीवा ते सत्तविहा पण्णत्ता, त जहा–१ णोधम्मत्थिकाए धम्मत्थिकायस्स देसे, २ धम्मत्थिकायस्स पएसा, एव अहम्मत्थिकायस्स वि, जाव ६ आगासत्थिकायस्स पएसा, ७ अद्धासमए। विदिसासु णत्थि जीवा, देसे भगो य होइ सव्वत्थ।

८ प्रश्न–जमा ण भते ! दिसा कि जीवा ?

८ उत्तर–जहा इदा तहेव णिरवसेसा। णेरई य जहा अग्गेयी। वारुणी जहा इदा। वायव्वा जहा अग्गेयी। सोमा जहा इदा। ईसाणी जहा अग्गेयी। विमलाए जीवा जहा अग्गेयीए। अजीवा जहा इदा। एव तमाए वि, णवर अरूवि छव्विहा, अद्धासमयो ण भण्णइ।

कठिन शब्दार्थ–इदा–पूर्व दिशा, अद्धासमए–अद्धासमय (काल)।

इन दिशाओ को क्रमश आग्नेयी, याम्या, नैऋती, वारुणी, वायव्या, सौम्या और ऐशानी कहते हैं। प्रकाश युक्त होने से ऊध्व दिशा को 'विमला कहते है और अधकार युक्त होने से अधो दिशा को 'तमा' कहते हैं।

पूव, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण, ये चारो दिशाएँ गाडी के उद्धि (ओढण) के आकार हैं। अर्थात मेरु पवत के मध्य भाग मे आठ रुचक प्रदेश है। चार ऊपर की ओर और चार नीचे की ओर गोस्तनाकार हैं। यहा से दस दिशाएँ निकली हैं। पूव पश्चिम उत्तर, दक्षिण, ये चार दिशाएँ मूल मे दो दो प्रदेशी निकली हैं और आगे दो दो प्रदेश की वद्धि होती हुई लोकात तक एव आलोक मे चलीगई है। लोक मे असख्यात प्रदेश वद्धि हुई है और अलोक मे अनन्त प्रदेश वद्धि हुई है। अत इनका आकार गाडी के ओढण के समान है। आग्नेयी, नैऋती, वायव्य और ईशान, ये चार विदिशाएँ एक-एक प्रदेशी निकली है और लोकान्त तक एक प्रदेशी ही चली गई हैं। इनका आकार मुक्तावली (मोतियो की लडी) के समान है। ऊध्व दिशा और अधो दिशा चार चार प्रदेशी निकली हैं और लोकात तक एव अलोक मे चली गई है। ये रुचकाकार हैं। पूव दिशा समस्त धर्मास्तिकाय रूप नही है, किन्तु धमास्तिकाय का एक देश है और असख्यात प्रदेश रूप है। इसी प्रकार अधर्मास्तिकाय और आकाशास्तिकाय का एक देश और असख्यात प्रदेश रूप है और अद्धा समय रूप है। इस प्रकार अरूपी अजीव रूप सात प्रकार की पूव दिशा है।

अग्नेयी विदिशा जीव रूप नही है। क्योकि सभी विदिशाओ की चौडाई एक एक प्रदेश रूप है, क्योकि वे एक प्रदेशी ही निकली है और अत तक एक प्रदेशी ही रही हैं। एक प्रदेश मे जीव का समावेश नही हो सकता। क्योकि जीव की अवगाहना असख्य प्रदेशात्मक है। पूव दिशा के समान शेष तीनो दिशाओ का कथन जानना चाहिये और आग्नेयी विदिशा के समान शेष तीनो विदिशाओ का कथन जानना चाहिये।

समय का व्यवहार गतिमान सूय के प्रकाश पर अवलम्बित है। वह गतिमान् सूय का प्रकाश तमा (अधो) दिशा मे नही है। इसलिये वहा अद्धा समय (काल) नही है। यद्यपि विमला (ऊध्व) दिशा के विषय मे भी गतिमान सूय का प्रकाश न होने से अद्धा समय का व्यवहार सभव नही है, तथापि मेरु पव के स्फटिक काण्ड मे गतिमान सूय के प्रकाश का सक्रम होता है, इसलिय वहा समय का व्यवहार हो सकता है।

कहना चाहिये । जीव के जो प्रदेश ह वे नियम से एकेन्द्रियो के प्रदेश हे अथवा एकेन्द्रियो के बहुत प्रदेश और एक बेइन्द्रिय के बहुत प्रदेश । अथवा एकेन्द्रियो के बहुत प्रदेश और बहुत बेइन्द्रियो के बहुत प्रदेश । इस प्रकार सभी जगह प्रथम भग के सिवाय दो दो भग जानना चाहिये । इस प्रकार यावत अनिन्द्रिय तक जानना चाहिये । अजीवो के दो भेद है । यथा-रूपी अजीव और अरूपी अजीव । रूपी अजीव के चार भेद है । स्कन्ध, स्कन्ध देश, स्कन्ध प्रदेश और परमाणु पुदगल है । अरूपी अजीव के सात भेद है । यथा-१ धर्मास्तिकाय नही, किन्तु धर्मास्तिकाय का देश २ धर्मास्तिकाय के प्रदेश ३ अधर्मास्तिकाय नही, किन्तु अधर्मास्तिकाय का देश ४ अधर्मास्तिकाय के प्रदेश ५ आकाशास्तिकाय नहीं, किन्तु आकाशास्तिकाय का देश, ६ आकाशास्तिकाय के प्रदेश, और ७ अद्धा समय। विदिशाओ में जीव नही है, इसलिये सवत्र देश और प्रदेश विषयक भग होते है ।

८ प्रश्न-हे भगवन ! याम्या (दक्षिण) दिशा क्या जीव रूप है, इत्यादि प्रश्न ।

८ उत्तर-हे गौतम ! एन्द्री दिशा के समान सभी कथन जानना चाहिये । आग्नेयी विदिशा का कथन नैऋतीविदिशा के समान है । वारुणी (पश्चिम) दिशा का कथन ऐन्द्री दिशा के समान है । वायव्यविदिशा का कथन आग्नेयी विदिशा के समान है । सौम्या (उत्तर) दिशा का कथन ऐन्द्री दिशा के समान है और ऐशानी विदिशा का कथन आग्नेयी विदिशा के समान है । विमला (ऊध्व) दिशा में जीवो का कथन आग्नेयी दिशा के समान है और अजीवो का कथन एन्द्री दिशा में कथित अजीवो की तरह है । इसी प्रकार तमा (अधो) दिशा का कथन भी जानना चाहिये । परन्तु इतनी विशेषता ह कि तमा दिशा में अरूपी अजीवो के छह भेद है । क्योकि उसमें अद्धासमय (काल) नही है ।

विवेचन-पूव दिशा जीव रूप है । क्योकि उसमे एकेन्द्रिय आदि जीव रहे हुए है । उसमे पुदगलास्तिकाय आदि अजीव पदाथ रहे हुए है, इसलिये वह अजीव रूप भी है ।

दिशाओ के दस नाम कहे गये हैं । पूव दिशा का स्वामी इन्द्र है । इसलिये उसे 'एन्द्री' कहते हैं । इसी प्रकार अग्नि, यम, नैऋती, वरुण, वायु सोम और ईशान देव स्वामी होने से

शतक १० उद्देशक २

कषाय भाव मे साम्परायिकी क्रिया

१ प्रश्न–रायगिहे जाव एव वयासी–सवुडस्स णं भंते ! अणगारस्स वीयीपथे ठिच्चा पुरओ रूवाइ णिज्झायमाणस्स, मग्गओ रूवाइ अवयक्खमाणस्स, पासओ रूवाइ अवलोएमाणस्स, उड्ढ रूवाइ आलोएमाणस्स, अहे रूवाणि आलोएमाणस्स तस्स ण भंते ! किं इरियावहिया किरिया कज्जइ संपराइयाकिरियाकज्जइ ?

१ उत्तर–गोयमा ! सवुडस्स णं अणगारस्स वीयीपथे ठिच्चा जाव तस्स ण णो इरियावहिया किरिया कज्जइ, संपराइया किरिया कज्जइ ।

प्रश्न–से केणट्ठेण भंते ! एव वुच्चइ जाव संपराइया किरिया कज्जइ ?

उत्तर–गोयमा ! जस्स णं कोह-माण-माया-लोभा० एव जहा सत्तमसए पढमोद्देसए जाव से णं उस्सुत्तमेव रियइ से तेणट्ठेणं जाव से संपराइया किरिया कज्जइ ।

२ प्रश्न–सवुडस्स ण भंते ! अणगारस्स अवीयीपथे ठिच्चा पुरओ रूवाइ णिज्झायमाणस्स जाव तस्स ण भंते किं इरियावहिया किरिया कज्जइ ? पुच्छा ।

णेरइया णं भते ! कि दुक्ख वेयण वेदेंति, सुह वेयणं वेदेंति, अदुक्खमसुह वेयणं वेदेंति ? गोयमा ! दुक्ख पि वेयण वेदेति, सुह पि वेयण वेदेति, अदुक्खमसुह पि वेयण वेदेंति ।

कठिन शब्दाथ–जोणी–योनि–जीवो का उत्पत्ति स्थान, अदुक्ख–दु ख नही असुह–सुख नही ।

भावाथ–३ प्रश्न–हे भगवन् ! योनि कितने प्रकार की कही गई है ?

३ उत्तर–हे गौतम ! योनि तीन प्रकार की कही गई है । यथा–शीत, उष्ण और शीतोष्ण । यहाँ प्रज्ञापना सूत्र का नौवा 'योनि पद' सम्पूण कहना चाहिये ।

४ प्रश्न–हे भगवन ! वेदना कितने प्रकार की कही गई है ?

४ उत्तर–हे गौतम ! वेदना तीन प्रकार की कही गई है । यथा–शीत, उष्ण और शीतोष्ण । इस प्रकार यहा प्रज्ञापना सूत्र का सम्पूर्ण पैंतीसवा वेदना पद कहना चाहिये, यावत् हे भगवन् ! क्या नैरयिक जीव दु ख रूप वेदना वेदते हैं, या सुख रूप वेदना वेदते है, या अदु ख-असुख रूप वेदना वेदते हैं ? हे गौतम ! नैरयिक जीव, दु.खरूप वेदना भी वेदते हैं, सुखरूप वेदना भी वेदते हैं और अदु ख असुख रूप वेदना भी वेदते हैं ।

विवेचन–योनि शब्द 'यु मिश्रणे' धातु से बना है । इसकी व्युत्पत्ति इस प्रकार है– "युवन्ति अस्यामिति 'योनि ' अर्थात जिसमे तजस कामण शरीरवाले जीव, औदारिकादि शरीर योग्य पुदगल स्कन्ध के समुदाय के साथ मिश्रित हाते हैं, उस योनि' कहते हैं । अर्थात जीवो के उत्पत्ति स्थान को योनि कहते हैं । वह योनि प्रत्येक जीवनिकाय के वण, ग ध रस, स्पश के भेद से [illegible] है । यथा–पथ्वीकाय अप्काय, तेउकाय और वायुकाय प्रत्येक की सात सात [illegible] स्पति की दस लाख साधारण वनस्पति (अनन्त) काय की [illegible] ।२ चतुरिन्द्रिय प्रत्येक की दो दो लाख, देव,

शतक १० उद्देशक २

कषाय भाव मे साम्परायिकी क्रिया

१ प्रश्न–रायगिहे जाव एव वयासी–सवुडस्स णं भते ! अणगारस्स वीयीपथे ठिच्चा पुरओ रूवाइ णिज्झायमाणस्स, मग्गओ रूवाइ अवयक्खमाणस्स, पासओ रूवाइ अवलोएमाणस्स, उड्ढ रूवाइ आलोएमाणस्स, अहे रूवाणि आलोएमाणस्स तस्स ण भते ! किं इरियावहिया किरिया कज्जइ सपराइयाकिरियाकज्जइ ?

१ उत्तर–गोयमा ! सवुडस्स ण अणगारस्स वीयीपथे ठिच्चा जाव तस्स ण णो इरियावहिया किरिया कज्जइ, सपराइया किरिया कज्जइ ।

प्रश्न–से केणट्ठेण भते ! एव वुच्चइ जाव सपराइया किरिया कज्जइ ?

